卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐ॐ卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 141 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦26 फरवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## एडवेंचर टूरिज्म बनेगा अर्थव्यवस्था का आधार: धामी

### नयार वैली एडवेंचर फेस्टिवल-2026 का मुख्यमंत्री ने किया शुभारम्भ

पौड़ी/बिलखेत (उद संवाददाता)। पौड़ी गढ़वाल की सुरम्य नयार घाटी स्थित बिलखेत में तीन दिवसीय 'नयार वैली एडवेंचर फेस्टिवल-2026' का गुरुवार को भव्य और रंगारंग आगाज हुआ। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर इस साहसिक महोत्सव का उद्घाटन किया। उद्घाटन के साथ ही बिलखेत का आसमान रंग-बिरंगे पैराग्लाइडर्स से भर गया, जबकि नयार नदी की लहरों पर युवाओं ने जल- क्रीड़ाओं का शानदार प्रदर्शन किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक




दूरदर्शी विजन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा नयार घाटी केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं है, बल्कि यह संभावनाओं का एक विशाल समंदर है। हमारी सरकार उत्तराखंड को देश की 'एडवेंचर कैपिटल' बनाने के संकल्प पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि इस तरह के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य राज्य के सीमावर्ती और पहाड़ी क्षेत्रों से पलायन को रोकना है। उन्होंने कहा, ष्जब हम पर्यटन के नए डेस्टिनेशन विकसित करते हैं, तो वहां की हमारी माताएं-बहनें होमस्टे चलाती हैं, स्थानीय उत्पादों को बाजार मिलता है और युवाओं को अपने घर के पास ही रोजगार मिलता है। यह फेस्टिवल नयार घाटी के आर्थिक कायाकल्प की शुरुआत है।ष उन्होंने घोषणा की कि यहां पैराग्लाइडिंग की ट्रेनिंग के लिए स्थायी ढांचा विकसित करने पर विचार किया जाएगा ताकि स्थानीय युवाओं को पेशेवर प्रशिक्षण मिल सके। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि नयार (शेष पृष्ठ सात पर)

## 33,251 बेटियों के खातों में पहुंचे 145.93 करोड़

देहरादून/रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड सरकार ने बेटियों के सशक्तिकरण और उनके स्वावलंबन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए नंदा गौरा योजना



के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 145.93 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीबीटी के माध्यम से प्रदेश की 33,251 बालिकाओं के बैंक खातों में यह राशि सीधे हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लाभार्थियों को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि नंदा गौरा योजना महज एक आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि समाज की सोच बदलने का एक सशक्त अभियान (शेष पृष्ठ सात पर)

## पंतनगर सिडकुल स्थित ग्रीन पैनल फैक्ट्री पर आयकर विभाग का छापा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। औद्योगिक क्षेत्र सिडकुल पंतनगर स्थित 'ग्रीन पैनल' फैक्ट्री में गुरुवार सुबह आयकर विभाग की टीम ने अचानक छापेमारी की। विभाग की यह कार्रवाई बेहद गोपनीय तरीके से संचालित की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, आयकर विभाग की अलग-अलग टीमें न केवल पंतनगर, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों में स्थित ग्रीन पैनल और ग्रीन प्लाई के अन्य ठिकानों व फैक्ट्रियों पर भी एक साथ छापेमारी कर रही हैं। आयकर विभाग की टीम सुबह तड़के ही करीब आधा दर्जन वाहनों में




सवार होकर फैक्ट्री परिसर पहुंची। छापेमारी शुरू होते ही फैक्ट्री प्रबंधन और कर्मचारियों के बीच हड़कंप मच गया। सुरक्षा के मद्देनजर टीम ने सबसे पहले फैक्ट्री के एंट्री और एग्जिट गेटों को अपने नियंत्रण में ले लिया और भीतर मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए। फैक्ट्री के भीतर और बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि बाहरी हस्तक्षेप न हो सके। प्रारंभिक सूचना के अनुसार, यह पूरी कार्रवाई करोड़ों रुपये की टैक्स चोरी और वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी बताई जा रही है। आयकर अधिकारी (शेष पृष्ठ7 पर)

## सामूहिक दुष्कर्म मामले में देवर ही निकला गुनहगार

### तीन आरोपी गिरफ्तार, मुख्य आरोपी चाईना ने खाया जहर

रुद्रपुर। सरस मेले से लौट रही महिला के साथ गैंगरेप के बहुचर्चित मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में पीड़ित महिला के देवर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि एक आरोपी ने जहर खा लिया था, उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। एस एसपी अजय गणपति ने प्रेस वार्ता में बताया कि बीती 22 फरवरी की रात लगभग 9 बजे, पीड़िता अपने देवर करन के साथ गांधी पार्क में आयोजित 'सरस मेले' से पैदल घर लौट रही थी। इसी दौरान मोदी मैदान के पास करन के तीन परिचित युवक



राजा रस्तोगी, विशाल और अभय सक्सेना उर्फ चाईना दो मोटर साइकिलों से वहां पहुंचे। आरोपी चाईना, करन और पीड़िता को बाइक पर बैठाकर ठंडी सड़क स्थित 15 एकड़ मैदान में ले गया। वहां पीछे-पीछे विशाल और राजा रस्तोगी भी पहुंच गए। पुलिस के अनुसार, सुनसान स्थान पर सबसे पहले अभय सक्सेना उर्फ चाईना ने महिला के साथ बलात्कार किया, जिसके बाद राजा रस्तोगी ने भी उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। शर्मनाक बात यह रही कि पीड़िता का सगा देवर करन और उसका साथी (शेष पृष्ठ सात पर)

## नकाबपोश चोरों ने अटरिया मंदिर का दानपात्र उड़ाया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बुधवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने अटरिया मंदिर को अपना निशाना बनाते हुए नगदी से भरा एक दानपात्र को चुरा लिया। चोरी की यह वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। प्रातः मामले की जानकारी



मिलने पर मंदिर के पुजारी ने मामले की सूचना सिडकुल चौकी पुलिस को दी। मंदिर में चोरी की जानकारी मिलते ही श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त हो गया। घटना की सूचना मिलने पर सिडकुल चौकी पुलिस के साथ एसपी क्राईम उत्तम सिंह नेगी व अन्य पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद मंदिर के आस पास क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस को मंदिर से कुछ दूरी पर कल्याणी नदी किनारे चोरी किया गया दानपात्र व चोरों द्वारा मुंह पर लपेटा गया कपड़ा पड़ा मिल गया। दानपात्र में से सारी नगदी गायब थी। इस मौके पर फारेंसिस टीम ने भी (शेष पृष्ठ सात पर)

## बेहड़ ने दरऊ प्रधान नाजिया का खोला आपराधिक चिट्ठा

### अधिकारियों की संदिग्ध भूमिका पर उठाये सवाल,डीएम कार्यालय पर बेमियादी धरने की दी चेतावनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने आज यहां अपने आवास में पत्रकारों से वार्ता करते ग्राम पंचायत दरऊ की ग्राम प्रधान ए. नाजिया का आपराधिक चिट्ठा खोलते हुए उनकी गैर मौजूदगी में प्रधान के सरकारी खाते से हजारों रूपये निकाल लिये




जाने पर अधिकारियों की संदिग्ध भूमिका पर सवाल खड़े किये तो वहीं उन्होंने मामले में मुकदमा दर्ज करा कर इसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ तीन दिन में कार्रवाई न होने पर डीएम कार्यालय के समक्ष बेमियादी धरना शुरू कर देने की चेतावनी भी दी। उन्होंने बताया कि ग्राम दरऊ की प्रधान ए. नाजिया पिछले कई महीनों से आपराधिक मामलों में कोटद्वार जेल में बंद हैं। इस बात को छुपाकर नाजिया ने भाजपा के चुनाव चिन्ह के अपने लेटर पेड पर 2 फरवरी 2026 को बताया कि स्वास्थ्य ठीक न होने व पैर में फेक्चर होने के कारण वह ब्लाक व अन्य जगह नहीं पहुंच पा रही हैं। उनकी गैर मौजूदगी में अब्दुल गफ्फार खान को प्रतिनिधित्व नियुक्त करती हूं। श्री बेहड़ ने बताया कि नाजिया ने अब्दुल गफ्फार से पांचवी शादी की है। इससे पूर्व नाजिया शादी के नाम पर कई लोगों को ब्लैकमेल कर चुकी है। जिनमें कुछ मामले आपसी सुलह नामे से निपटा (शेष पृष्ठ 7 पर)

## राजस्व गांव के लिए सरकार व विधायक का पुतला फूंका

लालकुआं (उद संवाददाता)। राज्य मंत्रिमंडल की 25 फरवरी को हुई बैठक में बिन्दुखत्ता समेत वन भूमि पर बसे लोगों को राजस्व गांव का दर्जा देने का प्रस्ताव न लाए जाने पर क्षेत्र में भारी रोष व्याप्त है। गुरुवार को इंडिया गठबंधन की घटक पार्टियों कांग्रेस और भाकपा (माले) के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से भाजपा सरकार और क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन बिष्ट के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कार रोड चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया और पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय विधायक (शेष पृष्ठ 7 पर)



**तेरहवीं/ब्रम्हभोज**



बड़े दुख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरे पूजनीय पति स्व. श्री जनक राज दलहोत्रा (काकू) जी का स्वर्गवास दिनांक 16.02.2026 सोमवार को हो गया है, जिनकी आत्मिक शांति हेतु 28 फरवरी 2026 दिन शनिवार को शान्ति पाठ प्रातः 11 से 12 बजे एवं ब्रह्मभोज दोपहर 1 बजे से निवास स्थान म.नं. जी-18, गली नं. 09, सिंह कालोनी, रूद्रपुर में होगा।

**शोकाकुल परिवार**

राजकुमार (भाई)
अजित कुमार-श्रष्ठा देवी (भाई-भाभी)
मीनू-नारायण दास (पुत्री-दामाद)
समस्त संबंधी परिवार

श्रीमती रजनी रानी दलहोत्रा (पत्नी )
हरीश सृष्टि, अरूण-संगीता (पुत्र-पुत्रवधु)
गली नं. 09, सिंह कालोनी, रूद्रपुर
मो. 7417127606, 8279681400

**प्रतिष्ठानः- काकू टी-स्टाल, काकू ट्रांसपोर्ट कम्पनी, गल्ला मण्डी, रूद्रपुर**

**भावपूर्ण श्रद्धांजलि**



अत्यन्त दुःखित हृदय के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी धर्मपत्नी
**श्रीमति मंजू सिंघल**
का स्वर्गवास दिनांक 17 फरवरी, 2026 दिन मंगलवार को हो गया है।

**रस्म पगड़ी**
दिनांक 27 फरवरी, 2026 दिन-शुक्रवार को
दोपहर 2:00 बजे से 3:00 बजे तक
सिटी क्लब, रुद्रपुर में सम्पन्न होगी।

-: शोकाकुल परिवार :-

संजय सिंघल (पति)
जितेन्द्र-मधु सिंघल (जेठ-जेठानी)
राजीव (LIC) -ममता सिंघल (जेठ-जेठानी)
सी.ए.अशोक-सी.ए.नीति सिंघल (देवर-देवरानी)
आर्यन, कन्हैया, सी.ए.अंजलि, अर्जुन
सी.ए. प्राची, पार्थ, आरुष, ओजस

सरोज-सुभाष गुप्ता (ननद-नन्दोई)
सुषमा-अशोक गर्ग (ननद-नन्दोई)
नेहा-अमन अग्रवाल (भतीजी-दामाद)
मेघा-सी.ए.सूरज अग्रवाल (भतीजी-दामाद)

सम्पर्क: 9760009471, 9760018308, 9760043205, 9897641205

# कैबिनेट बैठक में 28 प्रस्तावों पर लगाई मुहर

देहरादून। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश सरकार के बजट का आकार 1.10 लाख करोड़ रहने का अनुमान है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार वार्षिक बजट में 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की संभावना है। कैबिनेट में चर्चा के बाद बजट के आकार में संशोधन के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत कर आगामी विधानसभा सत्र में पेश करने की मंजूरी दी गई। इसके अलावा गर्भवती, धात्री महिलाओं व आंगनबाड़ी केंद्रों में तीन से छह वर्ष के बच्चों की सेहत में सुधार के लिए पोषाहार में नई सामग्री शामिल करने का निर्णय लिया गया। सचिवालय में बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 28 प्रस्तावों पर निर्णय लिए गए। प्रदेश में सेब उत्पादन को बढ़ावा देने और बागवानों को उन्नत प्रजाति के पौध देने के लिए सेब नर्सरी विकास योजना को मंजूरी दी गई। इस योजना में 10 एकड़ तक नर्सरी लगाने पर 50 प्रतिशत और 10 एकड़ से ऊपर पर 40 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। इसके अलावा शहद उत्पादन के लिए मौन पालन नीति को मंजूरी दी गई। इस नीति के किसानों को मौनपालन बॉक्स पर 80 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी। जीएसटी में टैक्स वादों का शीघ्र निपटारा करने के लिए देहरादून में जीएसटी अपीलीय अधिकरण संचालित है। इसी तर्ज पर हल्द्वानी में एक अतिरिक्त राज्य पीठ स्थापित होगी। इसके अलावा कैबिनेट ने प्रदेश में दुष्कर्म और पोक्सो अधिनियम के लंबित अपराधों के शीघ्र निपटारे और सुनवाई के लिए देहरादून जिले के विकासनगर, ऊधमसिंहनगर के काशीपुर और नैनीताल जिला मुख्यालय में फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना व पद सृजित करने की मंजूरी दी है। राज्य में नवीन पेयजल योजनाओं के नियोजन, क्रियान्वयन, निर्माण, संचालन, रखरखाव, अनुश्रवण तथा पूर्व निर्मित योजनाओं की संचालन दक्षता में वृद्धि के लिए वाह्य सहायतित परियोजना के तहत विश्व बैंक की सहायता से 1600 करोड़ की लागत से 10 शहरों में भरपूर पानी मिलेगा। इस योजना राज्य सरकार का अंशदान 320 करोड़ रहेगा। इस महत्वाकांक्षी योजना को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। **कैबिनेट में महत्वपूर्ण फैसले :** उत्तराखंड इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बोर्ड (यूआईआईडीबी) के ढांचे में 14 नए पद सृजित करने को मंजूरी।- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत उच्च शिक्षण संस्थानों में संचालित मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना में 21 अशासकीय अनुदानित महाविद्यालयों को शामिल करने का निर्णय। उच्च शिक्षण संस्थानों में स्वामी विवेकानंद उत्तराखंड ई-पुस्तकालय योजना संचालित होगी। योजना में बीए, बीएससी, बीकॉम के लिए 100 रुपये,




बीएड व लॉ के लिए 250, इंजीनियरिंग, मेडिकल, एग्रीकल्चर छात्रों के लिए 500 रुपये शुल्क देय होगा। उत्तराखंड वन विभाग सर्वेक्षक सेवा नियमावली को मंजूरी। शहरी विकास विभाग के तहत 11 नगर निगमों में पर्यावरण अभियंताओं को संविदा के आधार पर नियुक्त किया जाएगा। विद्यालयी शिक्षा विभाग में तदर्थ, अनुबंध,संविदा, आउटसोर्स के आधार पर कार्यरत चार विशेष शिक्षकों को माध्यमिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक विशेष शिक्षा के पदों के सापेक्ष नियमित नियुक्ति देने का निर्णय। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग का चौबीसवां वार्षिक प्रतिवेदन विधानसभा सदन के पटल पर रखने की मंजूरी। उत्तराखंड माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक विधानसभा सदन में रखने की मंजूरी। सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो को औद्योगिक विकास से स्थानांरित कर वित्त विभाग के तहत गठित किया जाएगा। उत्तराखंड राज्य में उपचारित जल के सुरक्षित पुन: उपयोग नीति को मंजूरी। उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के समूह क व ख कार्मिकों की सेवा विनियमावली को मंजूरी। उत्तराखंड चकबंदी अधिष्ठान में बंदोबस्त अधिकारी के नि:संवर्गीय पद के सृजित करने का निर्णय। उत्तराखंड दुकान और स्थापन (रोजगार विनियमन और सेवा-शर्त) (संशोधन) विधेयक, 2026 को पटल पर रखने की मंजूरी। समान नागरिक संहिता उत्तराखंड (संशोधन) विधेयक, 2026 को विधानसभा सत्र में पटल रखा जाएगा। उत्तराखंड स्टोन क्रशर, स्क्रीनिंग प्लांट, मोबाइल स्टोन क्रशर, मोबाइल स्क्रीनिंग प्लांट, पल्वराइजर प्लांट, हॉट मिक्स प्लांट, रेडिमिक्स प्लांट अनुज्ञा (तृतीय संशोधन) नीति 2024 में हॉट मिक्स प्लांट लगाने के लिए दूरी के मानकों में संशोधन को मंजूरी। उत्तराखंड राज्य की वित्तीय स्थिति के दृष्टिगत किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम के तहत राज्य स्तरीय चयन समिति के अध्यक्ष को पांच हजार रुपये प्रति बैठक एवं गैर सरकारी संगठनों से नामित दो सदस्यों को तीन हजार रुपये प्रति बैठक मानदेय दिया जाएगा। कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग में लिपिक व मिनिस्ट्रीयल संवर्ग ढांचे के पुर्नगठन को मंजूरी।उच्च न्यायालय उत्तराखंड में एक व जिला न्यायालयों के लिए 13 न्यायालय प्रबंधकों के नए पद सृजित किए जाएंगे।विश्व बैंक के सहयोग से सेवा वितरण में सुधार के लिए सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन के क्रियान्वयन के लिए स्टीयरिंग कमेटी व प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट का गठन व पदों के सृजन को मंजूरी। उत्तराखंड जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक- 2026 विधानसभा सदन में पटल रखने को मंजूरी।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज में 82 वर्षीय बुजुर्ग महिला का जटिल ऑपरेशन सफल

## वरिष्ठ सर्जन डॉ. केदार सिंह शाही ने लेप्रोटोमी विधि से दिया जीवनदान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पंडित राम सुमेर शुक्ल राजकीय मेडिकल कॉलेज के शल्य चिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ. केदार सिंह शाही ने एक बार फिर चिकित्सकों को भगवान का दूसरा रूप कहे जाने वाली उक्ति को चरितार्थ किया है। उन्होंने रानीखेत निवासी 82 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला का बेहद जटिल ऑपरेशन कर उसे न केवल नई जिंदगी दी, बल्कि मानवता की भी मिसाल पेश की है। जानकारी के अनुसार, रानीखेत निवासी बुजुर्ग महिला लंबे समय से पेट के असहनीय दर्द से जूझ रही थी। परिजनों ने कई निजी अस्पतालों में उपचार कराया, लेकिन कोई राहत नहीं मिली। बीती 11 फरवरी को महिला की हालत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद परिजन उसे हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने हाथ खड़े कर दिए। हताश परिजनों ने देर रात वरिष्ठ सर्जन डॉ. केदार सिंह शाही से संपर्क किया, जिन्होंने मामले की गंभीरता देखते हुए



तत्काल महिला को रूद्रपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती करने की सलाह दी।डॉ. शाही ने इमरजेंसी स्टाफ को फोन पर ही आवश्यक निर्देश दिए और अगले दिन सुबह स्वयं पहुंचकर महिला की जांच की। जांच में पता चला कि महिला 'फेमोरल हर्निया' की गंभीर समस्या से ग्रस्त थी, जिसके कारण उसकी आंतें अंदर ही अंदर सड़ने लगी थीं और बच्चेदानी में भी गांठे पड़ गई थीं। डॉ. शाही ने बताया कि 12 फरवरी को लेप्रोटोमी विधि से करीब 2 घंटे तक चले इस चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। उन्होंने कहा कि महिला की उम्र और नाजुक स्थिति के कारण यह ऑपरेशन बेहद जोखिम भरा था और थोड़ी भी देरी जानलेवा साबित हो सकती थी।डॉ. केदार सिंह शाही ने आम जनमानस को सलाह देते हुए कहा कि पेट दर्द जैसी समस्याओं को नजरअंदाज न करें और बिना डॉक्टरी परामर्श के दवा न लें। उन्होंने बताया कि समय पर इलाज न मिलना घातक हो सकता है। फिलहाल महिला पूरी तरह स्वस्थ है और उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। परिजनों ने डॉ. शाही और उनकी टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

# केंद्र से वित्तीय प्रबंधन में दक्षता के लिए उत्तराखंड को मिले 350 करोड़ रुपये

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड ने वित्तीय प्रबंधन और राजकोषीय अनुशासन के मोर्चे पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। केंद्र सरकार ने राज्य को पूंजीगत निवेश हेतु विशेष सहायता योजना (एसएएससीआई) के तहत वित्तीय प्रबंधन में दक्षता के लिए 350 करोड़ रुपये की भारी-भरकम प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की है। यह धनराशि उत्तराखंड द्वारा अपनाए गए सुदृढ़ आर्थिक ढांचे और पारदर्शी कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष परिणाम मानी जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार प्रकट करते हुए इसे राज्य के सुशासन की जीत बताया है।गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षों में उत्तराखंड ने अपने राजस्व स्रोतों को मजबूत करने और अनावश्यक खर्चों पर लगाम लगाने के लिए कई कठोर कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार राज्य ने कर संग्रह बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीकों का सहारा लिया है और डिजिटल भुगतान प्रणाली को पूरी तरह सशक्त किया है। बजटीय प्रबंधन में किए गए व्यापक सुधारों के कारण ही उत्तराखंड आज राष्ट्रीय स्तर पर एक आदर्श राज्य के रूप में उभर रहा है। यह महज एक संयोग नहीं है कि उत्तराखंड को लगातार केंद्र से प्रोत्साहन मिल रहा है। इससे पहले राज्य को खनन क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधार लाने, ई-टेंडरिंग को अनिवार्य करने और परिवहन विभाग में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए भी केंद्र सरकार से विशेष पुरस्कार और धनराशि प्राप्त हो चुकी है।विशेषज्ञों का मानना है कि उत्तराखंड का यह सुधार आधारित शासन मॉडल न केवल राज्य की ऋण निर्भरता को कम करेगा, बल्कि आने वाले समय में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए अतिरिक्त संसाधन भी जुटाएगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार विकास भी विरासत भी के मूल मंत्र पर काम कर रही है। केंद्र सरकार से मिलने वाला यह सहयोग प्रदेश की बड़ी विकास परियोजनाओं को गति देने में मील का पत्थर साबित होगा। 350 करोड़ की यह नई प्रोत्साहन राशि राज्य के आत्मविश्वास को बढ़ाएगी और यह सुनिश्चित करेगी कि उत्तराखंड आगामी वर्षों में देश के अग्रणी और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर राज्यों की श्रेणी में मजबूती से खड़ा हो सके।

# पीपल पोखरा-पनियाली में आदमखोर का आतंक: डीएम ने डीएफओ से मांगी रिपोर्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पीपल पोखरा एवं पनियाली क्षेत्र में आदमखोर वन्यजीव के हमलों में दो महिलाओं की दर्दनाक मौत के बाद जिलाधिकारी नैनीताल ने कड़ा रुख अपनाया है। क्षेत्र में व्याप्त जनाक्रोश और दहशत के बीच जिलाधिकारी ने रामनगर के प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) को तत्काल प्रभाव से कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जनसुरक्षा के मामले में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने आदमखोर की निरंतर ट्रैकिंग के लिए ट्रैप कैमरा, ड्रोन और थर्मल तकनीक का उपयोग करने के साथ ही विशेषज्ञों की मौजूदगी में ट्रेंकुलाइज या कैप्चर अभियान चलाने को कहा है। साथ ही जरूरत पड़ने पर शूटर की तैनाती हेतु उच्च स्तर से अनुमति लेने के भी निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने वन क्षेत्रों से लगे गांवों में दिन-रात गश्त बढ़ाने, क्यूआरटी तैनात करने और ग्रामीणों, महिलाओं व स्कूल जाने वाले बच्चों की सुरक्षा के विशेष प्रबंध अनिवार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुनादी के जरिए लोगों को अलर्ट किया जाए और रात में अनावश्यक आवाजाही पर रोक लगाने के लिए राजस्व व पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने पहली घटना के बाद अब तक हुई कार्यवाही की आख्या तलब करते हुए डीएफओ को लापरवाही पर जिम्मेदारी तय करने के निर्देश भी दिए। प्रशासनिक स्तर पर राजस्व, पुलिस और वन विभाग का एक संयुक्त कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है, जो प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट देगा। जिलाधिकारी ने मृतकों के परिजनों को तत्काल राहत राशि वितरित करने और दीर्घकालिक समाधान के रूप में सोलर फेंसिंग व चेतावनी तंत्र की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश जारी किए हैं।

# प्लास्टिक कबाड़ के गोदाम में आग बुझाते फायरकर्मी झुलसा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के शिमला बहादुर, फुलसुंगा क्षेत्र में स्थित एक प्लास्टिक कबाड़ के गोदाम में लगी आग को बुझाने के दौरान एक फायरकर्मी गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया। जानकारी के अनुसार शिमला बहादुर फुलसुंगा में बुधवार देर रात प्लास्टिक के कबाड़ के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही रुद्रपुर और पंतनगर फायर स्टेशन से तीन फायर यूनिट मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कई घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में आग की चपेट में आने से गोदाम में रखा प्लास्टिक कबाड़ पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग बुझाने के दौरान एक फायरकर्मी का पैर झुलस गया। उसे तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार शॉर्ट सर्किट या अन्य कारणों से आग लगने की संभावना जताई जा रही है। गोदाम स्वामी ने इस घटना में लाखों रुपए का नुकसान होना बताया है।

# सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के बाद प्रशासन ने कसी कमर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण मामले में माननीय सुप्रीम कोर्ट में हुई हालिया सुनवाई के बाद जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने हल्द्वानी कैंप कार्यालय में भारतीय रेलवे, नगर निगम, जिला विकास प्राधिकरण और ग्राम्य विकास विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का समयबद्ध और अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी ने रेलवे अधिकारियों से प्रकरण से संबंधित अद्यतन जानकारी ली और निर्देश दिए कि न्यायालय के आदेश की प्रति प्राप्त होते ही सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ सौंपी गई जिम्मेदारियों को पूरा करना शुरू कर दें। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि माननीय न्यायालय और शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सचिव जिला विकास प्राधिकरण विजयनाथ शुक्ला, सिटी मजिस्ट्रेट ए.पी. वाजपेयी, नगर आयुक्त परितोष वर्मा, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी सहित रेलवे के डीआरएम (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से) एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# चंदन हॉस्पिटल में अवैध वसूली और लापरवाही की जांच के लिए समिति गठित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में हल्द्वानी स्थित चंदन हॉस्पिटल के खिलाफ मिल रही शिकायतों पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। अस्पताल में उपचार के नाम पर अवैध वसूली, चिकित्सा में लापरवाही, आर्थिक शोषण एवं कुप्रबंधन की गंभीर शिकायतों की जांच हेतु तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस जांच समिति में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), नगर मजिस्ट्रेट एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को शामिल किया गया है। समिति का मुख्य कार्य चंदन हॉस्पिटल द्वारा वसूली जा रही फीस, निर्धारित स्वास्थ्य मानकों की स्थिति और मरीजों के आर्थिक व मानसिक शोषण के आरोपों के संबंध में ठोस साक्ष्य संकलित करना है। अपर जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी भी व्यक्ति के पास अस्पताल की लापरवाही या शोषण से संबंधित कोई जानकारी या साक्ष्य है, तो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिनों के भीतर गठित समिति के किसी भी अधिकारी के कार्यालय में अपने लिखित या मौखिक बयान दर्ज करा सकता है। प्रशासन की इस कार्रवाई से निजी अस्पतालों में मनमानी करने वाले प्रबंधकों में हड़कंप मचा हुआ है।

# बाघ के हमले से महिला की मौत पर सांसद अजय भट्ट ने जताया शोक

हल्द्वानी/नैनीताल (उद संवाददाता)। पनियाली (फतेहपुर वन क्षेत्र) में बाघ के हमले में श्रीमती कमला फर्त्याल की दुखद मृत्यु पर सांसद अजय भट्ट ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। सांसद ने इस घटना को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तत्काल जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल तथा वन विभाग के डीएफओ से दूरभाष पर वार्ता की।सांसद अजय भट्ट ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में वन्यजीवों के हमलों को रोकने के लिए अविलंब और प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने संबंधित संवेदनशील क्षेत्रों में वन विभाग की गश्त बढ़ाने, आदमखोर बाघ को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने और संभावित खतरे वाले स्थानों पर निगरानी को और अधिक मजबूत करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को अनावश्यक रूप से जंगल की ओर न जाने तथा निरंतर सतर्क रहने के लिए जागरूक करने पर भी विशेष जोर दिया। सांसद ने स्पष्ट कहा कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को रोकना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और प्रभावित परिवार को हरसंभव सहायता व मुआवजा शीघ्र उपलब्ध कराया जाए।

# हाईवे पर डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक-युवती की मौत

रुद्रपुर। काशीपुर हाईवे पर बुधवार देर शाम दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक और युवती की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों किसी कार्य से गदरपुर गए थे और वापस लौटते समय उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जानकारी के अनुसार पुराना खेड़ा बस्ती निवासी अजय पाल (25) अपनी महिला मित्र शांति कॉलोनी भदईपुरा निवासी रोली (20) के साथ सुबह बाइक से गदरपुर गए थे। शाम को लौटते समय बागवाला गांव के समीप हाईवे पर उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों सड़क पर जा गिरे। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## ठुकराल ने मृतक युवक युवती के परिजनों को दी सांत्वना

रुद्रपुर। काशीपुर मार्ग पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में जान गंवाने वाले अजय पाल और रोली की मौत की खबर से उनके परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। गुरुवार को दोनों शवों के पोस्टमार्टम के दौरान अस्पताल परिसर में शोक संतप्त परिवारों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। इस दुख की घड़ी में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल समेत कई जनप्रतिनिधियों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मृतकों के माता-पिता और परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि जवान बच्चों को खोना माता-पिता के लिए असहनीय और जीवन का सबसे बड़ा दुख है। ठुकराल ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करे और परिजनों को इस वज्रपात को सहने की शक्ति दे। उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया।



## सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश पर कार्ययोजना में किया परिवर्तन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर मजिस्ट्रेट ए. पी. बाजपेयी के साथ हुई स्थलीय निरीक्षण के दौरान प्राप्त निर्देशों के क्रम में यूयूएसडीए द्वारा कार्ययोजना में कई सुधार एवं परिवर्तन किये गए हैं। जिसके तहत एडीबी परियोजना के अंतर्गत नई खुदाई के कार्यों को स्थगन करते हुवे, रोड पुनर्निर्माण में गति लाने पर कार्य किया जा रहा है।वर्तमान में परियोजना में 152 किमी सड़कों का पुनर्निर्माण का कार्य किया जा चुका है तथा 85 किमी सब-सर्फेसिंग हो चुकी डामर की सड़कों पर भी कार्य आरम्भ किया जा चुका है।मुखानी रोड पर सीवर लाइन बिछाने के लिए बनाए गए ट्रेंचलेस पिट पर सड़क चौड़ाई बढ़ाने हेतु फुटपाथ तोड़कर अस्थाई निर्माण किया गया है। ट्रेंचलेस पिट पर यातायात प्रबंधन हेतु कार्यदाई फर्म के द्वारा अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी की तैनाती की गई है। गहरी खुदाई वाले कार्यस्थल पर सीसीटीवी कैमरे एवं अतिरिक्त लाइट लगाने पर भी कार्य किया जा रहा है। ध्कार्यस्थल से पूर्व सड़क ड्रेसिंग कर यातायात हेतु समतलीकरण किया गया है। 22.02. 2024 को पनचक्की रोड पर घटित घटना




एक निश्चित दूरी पर गति नियंत्रण हेतु अतिरिक्त चौतवानी बोर्ड लगाये गए हैं। कठगरिया चौफुला के बीच नहर कवरिंग वाले कार्य में पाइप लाइन बिछाने के बाद स्थल पर भी फुटपाथ तोड़कर अस्थाई चौड़ीकरण किया गया है। होली से पूर्व दो ट्रेंचलेस पिट का कार्य पूर्ण कर बंद करने पर कार्य किया जा रहा है।

## कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, बहन गंभीर

पंतनगर। बुधवार शाम टांडा फ्लाईओवर के पास माटकोटा-दिनेशपुर मोड़ पर कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार हल्द्वानी की ओर जा रहे कंटेनर ने दिनेशपुर मोड़ के पास बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में हल्द्वानी निवासी नवीन फुलारा (27) पुत्र भुवन चंद्र फुलारा गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि पीछे बैठी उनकी बहन प्रेमा फुलारा (22) भी चोटिल हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उपचार के दौरान नवीन फुलारा को मृत घोषित कर दिया गया। घायल बहन का उपचार जारी है। पंतनगर थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे के बाद कंटेनर चालक की तलाश की जा रही है और मामले की जांच की जा रही है। युवक के निधन से परिवार में शोक की लहर है।

## राज्य स्तरीय खेल महोत्सव के फाइनल में रोमांचक मुकाबले संपन्न

पंतनगर। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के स्टीवेंसन स्टेडियम में आयोजित उत्तराखंड राज्य अंतर-विश्वविद्यालय खेल एवं क्रीड़ा महोत्सव 2025-26 के तीसरे दिन विभिन्न टीमों के बीच फाइनल प्रतियोगिताएं खेली गईं। 100 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार के आकाश चौहान प्रथम, श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल के अंशुल द्वितीय तथा दून विश्वविद्यालय, देहरादून के जय चौधरी तृतीय स्थान पर रहे। वहीं महिला वर्ग में कुमाऊँ विश्वविद्यालय की कनिष्का मनचंदा प्रथम, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा की नेहा द्वितीय तथा श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल की सोनिया तृतीय स्थान पर रहीं। लंबी कूद के महिला वर्ग में कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल की जसकरन कौर प्रथम, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय की निक्की पांडे द्वितीय एवं उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, देहरादून की खुशी सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। कबड्डी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर एवं श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल के बीच खेला गया। वहीं



दूसरा मुकाबला कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल एवं दून विश्वविद्यालय, देहरादून के बीच हुआ। महिला वर्ग में कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल एवं सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के बीच मुकाबला खेला गया, जबकि दूसरा मुकाबला श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल एवं दून विश्वविद्यालय, देहरादून के बीच हुआ। वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल दो टीमों के बीच खेला गया। पुरुष वर्ग में कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल और श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल के बीच मुकाबला हुआ। वहीं महिला वर्ग में भी कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल और श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल की टीमें आमने-सामने रहीं। टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल और दून विश्वविद्यालय, देहरादून के बीच मुकाबला हुआ। वहीं महिला वर्ग में गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर तथा सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के बीच प्रतियोगिता खेली गई। बैडमिंटन प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल और श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल के बीच मैच खेला गया। वहीं महिला वर्ग में कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल और सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के बीच मुकाबला हुआ। इस अवसर पर प्रभारी शारीरिक शिक्षा डा. जी.एस. बोहरा, डा. पूनम त्यागी, डा. राजीव रंजन, डा. भास्कर तिवारी, डा. पारस, श्री प्रभाकर जोशी एवं चीफ रेफरी श्री रमेश खरकवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## चुकटी से पनचक्की मार्ग के सुदृढ़ीकरण हेतु 242.98 लाख की स्वीकृति : बेहड़

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत एनएच-09 से जुड़े चुकटी से पनचक्की मार्ग के हॉटमिक्स द्वारा सुदृढ़ीकरण एवं निर्माण कार्य हेतु 242.98 लाख रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है। कुल 2.050 किलोमीटर लंबे इस मार्ग की स्वीकृति विधायक तिलक राज बेहड़ के निरंतर प्रयासों और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है। विधायक बेहड़ ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि यह मार्ग लंबे समय से जर्जर अवस्था में था, जिससे क्षेत्रवासियों, किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों एवं दैनिक यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। विशेषकर बरसात के मौसम में स्थिति अधिक खराब होने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी, लेकिन अब हॉटमिक्स निर्माण से यह सड़क मजबूत, सुरक्षित और टिकाऊ बनेगी।विधायक ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से न केवल आवागमन सुगम और तेज होगा, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी। इससे कृषि उत्पादों को मंडियों तक पहुंचाने में आसानी होगी और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलने के साथ क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि किच्छा विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत संरचना को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है और वे सड़कों, पुलों तथा अन्य जनसुविधाओं के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। विधायक तिलक राज बेहड़ ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा लोक निर्माण विभाग मंत्री सतपाल महाराज का आभार व्यक्त किया।



## सरकारी अधिकारी पर हमले के खिलाफ राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।सत्ता संरक्षण में बढ़ती गुंडागर्दी पर लगाम लगाने, सरकारी अधिकारी पर हमले के दोषियों को सख्त सजा देने व घटना के विरोध में महानगर कांग्रेस ने राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया।देहरादून में विद्यालय का नाम परिवर्तित किए जाने को लेकर उत्पन्न विवाद के दौरान शिक्षा निदेशालय, ननूरखेड़ा में प्रारम्भिक शिक्षा निदेशक पर हुए जानलेवा हमले की कांग्रेस पार्टी ने कड़े शब्दों में निंदा की है। कांग्रेस ने इस घटना को प्रदेश की कानून व्यवस्था और लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा प्रहार बताया है। महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि भाजपा शासन में जिस प्रकार सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर हमले हो रहे हैं, वह अत्यंत चिंताजनक है। किसी भी विद्यालय का नाम परिवर्तन सरकार के स्तर पर लिया जाने वाला निर्णय होता है, जबकि अधिकारी एवं कर्मचारी केवल विधिसम्मत आदेशों का पालन करते हैं। ऐसे में देहरादून में शिक्षा विभाग के अधिकारी पर हुआ हमला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। यदि सत्तारूढ़ दल के जन



जनसेवा में लगे अधिकारियों पर हमला करना न केवल उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा पर आघात है, बल्कि प्रशासनिक मनोबल को भी कमजोर करता है।उन्होंने कहा कि प्रतिनिधियों विधायक की मौजूदगी में अधिकारी सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता की सुरक्षा का अंदाजा सहज लगाया जा सकता है। कांग्रेस इस प्रकार की अराजकता को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी कानून को हाथ में लेने का साहस न कर सके। महानगर कांग्रेस कमेटी ने इस घटना के विरोध में महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान सतीश नैनवाल, भोला दत्त भट्ट, मलय बिष्ट, हेम पांडे, मोहन बिष्ट, पार्षद भागीरथी बिष्ट, नीमा भट्ट, मुकुल बलुटिया, एन. बी. गुणवंत, गोविंद बगड़वाल, रेनू तोमर, सीमा लोहानी, महेशानंद, दिवेश तिवारी, भुवन तिवारी, रंजीत डसीला, मनोज मेहरा, गोविंद बिष्ट, अमित रावत, भानु कबड़वाल, अंकुर जोशी, उदित करायत, जीवन बिष्ट, अभिषेक बिष्ट सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## भाजपा ने की विभिन्न मोर्चों की जिला कार्यकारिणी और पदाधिकारियों की घोषणा की

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कमल कुमार जिंदल की सहमति एवं प्रदेश मोर्चा अध्यक्षों से परामर्श के उपरांत जनपद में विभिन्न मोर्चों की जिला कार्यकारिणी एवं पदाधिकारियों की घोषणा की गई। घोषित मोर्चों में अनुसूचित जाति मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा एवं महिला मोर्चा शामिल हैं। नवगठित कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष, जिला महामंत्री, जिला मंत्री, जिला कोषाध्यक्ष, जिला कार्यालय मंत्री, जिला मीडिया संयोजक, सह-संयोजक, सोशल मीडिया संयोजक एवं आईटी संयोजक सहित विभिन्न पदों पर समर्पित एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।पार्टी नेतृत्व ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन की रीति-नीति एवं सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करते हुए जिले में संगठन को और अधिक सशक्त करेंगे तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। जिला अध्यक्ष ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा की कि वे संगठन हित में पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे और आगामी कार्यक्रमों एवं अभियानों को सफल बनाएंगे। भारतीय जनता पार्टी निरंतर संगठन विस्तार एवं सामाजिक समरसता के संकल्प के साथ कार्य कर रही है और यह नई टीम संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगी।

## हिंदू समाज से की सहभागिता की अपील

गदरपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रायोजित "हिंदू सम्मेलन" का आयोजन 28 फरवरी को बुध बाजार स्थित सनातन धर्म मंदिर, गदरपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम का समय प्रात: 10 बजे निर्धारित किया गया है।प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के इस ऐतिहासिक अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।



## क्यारी गांव में टस्कर हाथी का आतंक, गेहूं की फसल रौंदी

रामनगर (उद संवाददाता)। क्यारी गांव में इन दिनों टस्कर हाथी का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। शाम होते ही हाथी आबादी के नजदीक पहुंचकर किसानों की खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहा है। खासकर गेहूं की फसल को हाथी द्वारा लगातार रौंदे जाने से किसानों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। ग्राम प्रधान नवीन सती ने बताया कि पिछले कई दिनों से टस्कर हाथी नियमित रूप से खेतों की ओर आ रहा है और फसलों को नष्ट कर रहा है।देर रात एक बार फिर हाथी खेतों में घुस गया और गेहूं की फसल को बर्बाद करने लगा। इस दौरान ग्रामीणों ने एकजुट होकर शोर मचाकर और मशाल जलाकर हाथी को भगाने का प्रयास किया। हालांकि ग्रामीणों का प्रयास उस समय खतरनाक स्थिति में बदल गया जब हाथी अचानक उग्र होकर ग्रामीणों की ओर दौड़ पड़ा। हाथी काफी दूर तक ग्रामीणों के पीछे भागा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों में चीख-पुकार शुरू हो गई। गनीमत रही कि हाथी कुछ दूरी पर पहुंचकर अचानक मुड़ गया, जिससे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। किसानों ने वन विभाग से तत्काल प्रभावी कार्रवाई की मांग की है और रात में नियमित गश्त बढ़ाने की अपील की है। वहीं वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और क्षेत्र में वनकर्मियों की गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

# मतभेदों को सार्वजनिक मंचों पर उछालना उचित नहीं : महेंद्र भट्ट

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट पहुंचे गदरपुर विधायक के आवास, कार्यकर्ताओं को दिया अनुशासन और एकजुटता का संदेश

गूलरभोज/गदरपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के बुधवार को अचानक गदरपुर विधायक अरविंद पांडे के आवास पहुँचने से क्षेत्र की सियासत में हलचल तेज हो गई। इस दौरान आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने विधायक के खिलाफ चल रही बयानबाजी पर कड़ा रुख अपनाते हुए संगठनात्मक अनुशासन बनाए रखने का स्पष्ट संदेश दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के भीतर मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन उन्हें सार्वजनिक मंचों पर उछालना उचित नहीं है। इससे संगठन की छवि प्रभावित होती है और कार्यकर्ताओं में भ्रम की स्थिति पैदा होती है। उन्होंने दो टूक कहा कि भाजपा एक अनुशासित संगठन है और अनुशासनहीनता किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष के पहुंचने की सूचना मिलते ही कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लग गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए आगामी चुनावों की तैयारियों पर भी चर्चा की और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सरकार द्वारा स्वीकृत योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा कराना प्राथमिकता है। सड़क निर्माण, संपर्क मार्ग, धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के सौंदर्यीकरण सहित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इन उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। विधायक अरविंद पांडे ने भी संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में कार्यकर्ता एकजुट होकर क्षेत्र के विकास और पार्टी की सफलता के लिए कार्य करेंगे। पिछले कुछ समय से स्थानीय स्तर पर उठ रहे आरोप- प्रत्यारोप और गुटबाजी की चर्चाओं के बीच प्रदेश अध्यक्ष का यह दौरा अहम माना जा रहा है। राजनीतिक जानकार इसे संगठनात्मक मतभेदों को शांत करने और एकजुटता का संदेश देने की पहल के रूप में देख रहे हैं। हालांकि, यह देखना दिलचस्प होगा कि इस मुलाकात के बाद बयानबाजी का दौर थमता है या नहीं। फिलहाल प्रदेश नेतृत्व ने साफ संकेत दे दिया है कि आगामी चुनावों से पहले संगठन में अनुशासन और एकजुटता सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।







# होली पर्व पर मिलावटखोरी रोकने को ताबड़तोड़ छापेमारी

## अशुद्ध खाद्य सामग्री बेचने वालों पर होगी कठोर कानूनी कार्यवाही, टोल फ्री नंबर जारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी होली त्यौहार के दृष्टिगत सचिव स्वास्थ्य एवं खाद्य सुरक्षा आयुक्त उत्तराखंड सचिन कुर्वे द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के क्रम में आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ सुनिश्चित करने हेतु सघन अभियान चलाया गया। खाद्य सुरक्षा उपायुक्त कुमांऊ मण्डल डा. राजेन्द्र सिंह कठायत के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने ऊधम सिंह नगर जिले में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी करते हुए औचक निरीक्षण किया। इस दौरान रूद्रपुर स्थित एक दर्जन से अधिक प्रमुख निर्माण इकाइयों और मिष्ठान प्रतिष्ठानों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान संदेह के आधार पर कुल सात मिठाईयों के नमूने लिए गए, जिनमें मावा बर्फी, मावा पेड़ा, बालूशाही, लड्डू, मिल्क केक, कलाकन्द और गुजिया का एक-एक नमूना शामिल है। इन नमूनों को सील कर परीक्षण हेतु राज्य खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला रूद्रपुर भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट में नमूने मानकों के अनुरूप न पाए जाने पर संबंधित खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी। टीम ने प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई रखने तथा मानकों के अनुरूप ही खाद्य सामग्री का निर्माण और वितरण करने के निर्देश दिए। सभी प्रतिष्ठान स्वामियों को निर्देशित किया गया है कि वे संदिग्ध खाद्य पदार्थों का क्रय न करें और बिना पंजीकरण या लाइसेंस के कारोबार करने पर विधिक कार्यवाही का सामना करना होगा। साथ ही यह भी कहा गया कि खाद्य पदार्थों के क्रय बिलों पर एफएसएसएआई लाइसेंस नंबर अंकित होना अनिवार्य है। अधिकारियों ने बाहरी राज्यों से केवल पंजीकृत विक्रेताओं से ही सामग्री खरीदने और उसका दैनिक रिकॉर्ड रखने के निर्देश दिए। आम जनता से अपील की गई है कि सामान खरीदते समय निर्माण और उपभोग की तिथि अवश्य देखें और गुणवत्ता खराब होने पर टोल फ्री नंबर 18001804246 पर शिकायत दर्ज कराएं। अभियान दल में ललित मोहन पाण्डे, अपर्णा साह, आशा आर्या एवं पंकज कुमार आदि सम्मिलित रहे।





# एसएसपी ने मुख्य चौराहों व मार्गों का किया निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पनचक्की सड़क हादसे पर एसएसपी डॉ० मंजूनाथ टीसी ने कड़ा एक्शन लिया है। उन्होंने पंनचक्की घटनास्थल समेत शहर के सभी मुख्य चौराहों, कंस्ट्रक्शन साइट्स का जायजा लिया तथा कहा कि शहर के अंदर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगेगी, चौराहों पर विभिन्न प्रकार की हाइट गेज, बैरियरो का व्यवस्थापन होगा। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा सुगम यातायात के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान भी बनाया जाएगा।पनचक्की रोड पर हुई घटना के दृष्टिगत जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में है। एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टीसी द्वारा विशेष पुलिस टीम के साथ घटनास्थल, शहर के मुख्य चौराहों, मार्गों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी नैनीताल ने अधीनस्थों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने पनचक्की घटनास्थल, पनचक्की चौराहा, हनुमान मंदिर चौराहे, चौंफला चौराहा तथा कठघरिया चौराहे का निरीक्षण किया। भविष्य में दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु घटनास्थल के पास बनाए गए रैंप को ठीक करने हेतु अधिकारियों को संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। कोल टैक्स तिराहा, हाइडल, लामाचौड़ तिराहा, कठघरिया चौराहा, हनुमान मंदिर चौराहा से शहर के अंदर समस्त प्रकार के भारी वाहनों को प्रतिबंधित करने पर चर्चा की गई। कठघरिया चौराहे पर आमजन की सुविधा हेतु टेंपो हाईगेज लगाने हेतु वार्ता की गई। उन्होंने कठघरिया चौराहे पर बैरियर, हाईट गेज लगाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। हनुमान मंदिर चौराहा में स्लाइडिंग बैरियर लगाने के संबंध में भी वार्ता की गई। हनुमान मंदिर चौराहे पर टाफिक आईलैंड अपग्रेड करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा जनता के सुगम आवागमन हेतु एक विशेष प्लान यातायात तैयार किया जाएगा। उन्होंने हल्द्वानी शहर के मार्गों में स्थित कंस्ट्रक्शन साइट्स पर चेतावनी साइन बोर्ड, रिफ्लेक्टर, ब्लिंकिंग लाईट, सैंड बैग लगाए जाने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ एसपी ट्रैफिक डॉ० जगदीश चंद्र, एसपी हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल, सीओ अमित कुमार, विजय मेहता प्रभारी निरीक्षक, सुशील जोशी थानाध्यक्ष मुखानी, विमल कुमार मिश्रा थानाध्यक्ष काठगोदाम, सीपीयू तथा यातायात हल्द्वानी पुलिस समेत अन्य पुलिस अधिकारी कर्मी मौजूद रहे।




SAHAS Homeo साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक

जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता



डॉ. यश पाण्डेय

होम्योपैथिक फिजिशियन

बी.एच.एम.एस., जयपुर

चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग | गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग

अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस

बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना

साहस होम्यो क्लीनिक

निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी

मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश


# खटीमा-मझोला सड़क निर्माण में देरी पर मांगा स्पष्टीकरण

## डीएम ने दिए धूल से बचाव के लिए पानी छिड़काव के निर्देश

खटीमा (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने मेलघाट के चौड़ीकरण व सड़क सुरक्षा कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिशासी अभियंता को गुणवत्ता के साथ कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने नवनिर्मित सीएसडी कैंटीन का निरीक्षण कर वहां साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने खटीमा-मझोला सड़क निर्माण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण कार्यों में धीमी गति पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने सहायक अभियंता एनएच को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने सख्त लहजे में कहा कि यदि दो दिन के भीतर सड़क निर्माण कार्यों में तेजी नहीं आई तो आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने निर्माण कार्य के दौरान उड़ने वाली धूल-मिट्टी से राहगीरों के बचाव हेतु निरंतर पानी का छिड़काव करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद जिलाधिकारी ने हल्दी गांव में निर्माणाधीन गौशाला का भी निरीक्षण किया और कार्यदाई संस्था को कार्यों में तेजी लाते हुए इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष खटीमा रमेश चंद्र जोशी, विनोद भारती, सतीश भट्ट, मनोज साही, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, अधिशासी अभियंता लोनिवि नीरज अग्रवाल, सहायक अभियंता एनएच विनोद कुमार आदि मौजूद थे।





# कई जनप्रतिनिधियों ने थामा भाजपा का दामन

## प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने ऊधम सिंह नगर और पिथौरागढ़ के जनप्रतिनिधियों को दिलाई सदस्यता

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के कुमाऊँ संभाग कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट की उपस्थिति में ऊधम सिंह नगर व कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी का दामन थामा। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने नए सदस्यों को पटका पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया और कहा कि भाजपा सिर्फ एक राजनीतिक दल न होकर एक है। उन्होंने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि के लिए विकास कार्य ही सर्वोच्च प्राथमिकता होती है, यही कारण है कि अन्य दलों के लोग लगातार भाजपा में शामिल हो रहे सरकार के विकास कार्यों के दम पर आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा रिकॉर्ड तीसरी बार प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। सदस्यता ग्रहण करने वालों में ऊधम सिंह नगर पंचायत सदस्य आरकीन शामिल रहे। वहीं, पिथौरागढ़ से सदस्यता लेने वालों में ब्लॉक प्रमुख बेरीनाग संगीता चन्याल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ भीम कुमार, राज्य आंदोलनकारी गिरीश जोशी, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, प्रदेश प्रवक्ता मथुरा दत्त जोशी, दर्जा राज्य मंत्री नारायण राम आर्या, दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, शंकर







पिथौरागढ़ जिले के विभिन्न जन प्रतिनिधियों और अन्य दलों के अनेक कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी ने भाजपा की रीति-नीति और केंद्र की मोदी व राज्य की धमी सरकार द्वारा किए जा रहे विकास परिवार की तरह कार्य करती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मोदी सरकार के 11 साल और धामी सरकार के 4 वर्षों के कार्यकाल में जनता ने ऐतिहासिक जन कल्याणकारी निर्णय और अभूतपूर्व विकास कार्यों को प्रत्यक्ष रूप से देखा हैं।महेंद्र भट्ट ने नए कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि पार्टी में प्रत्येक सदस्य का पूर्ण सम्मान किया जाएगा और उन्हें संगठन की विभिन्न गतिविधियों में समायोजित करने का प्रयास होगा। उन्होंने दावा किया कि धामी से ब्लॉक प्रमुख रूद्रपुर रीना गौतम, ज्येष्ठ प्रमुख रूद्रपुर संजय सिंह, कनिष्ठ प्रमुख रूद्रपुर भारती देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य रुचि पाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य जय नारायण तिवारी, क्षेत्र पंचायत सदस्य अकील अहमद, क्षेत्र गोबिन्द महर (गोपू), ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार, रविन्द्र कुमार चन्तोला सहित अनेक लोग सम्मिलित रहे।इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, जिलाध्यक्ष नैनीताल प्रताप सिंह बिष्ट, जिलाध्यक्ष पिथौरागढ़ कोरंगा, नवीन वर्मा, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, विनीत अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी नितिन राणा, मण्डल अध्यक्ष हल्द्वानी मधुकर श्रोत्रिय सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन

रुद्रपुर/हल्द्वानी। रुद्रपुर विधानसभा में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री रश्मि रस्तोगी के नेतृत्व में महिला मोर्चा ने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। रश्मि रस्तोगी ने कहा कि ए आई करने वाला था। प्रदर्शन के दौरान महिला मोर्चा ने कांग्रेस पार्टी को धिक्कारा और कहा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ऐसे कृत्य के लिए शर्म आनी चाहिए एवं राहुल गांधी को इसके लिए पूरे देश से माफी मांगनी नैनीताल के तत्वावधान में आयोजित सम्मेलन के दौरान कांग्रेस के खिलाफ जमकर आक्रोश व्यक्त किया गया। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस द्वारा भारत की गरिमा को वैश्विक स्तर आरोप लगाया कि राजनीतिक स्वार्थ के चलते देश के गौरव को कमतर आंकना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इस विरोध प्रदर्शन और सम्मेलन के दौरान संगठन की एकजुटता पर जोर दिया गया। कार्यक्रम





सबमिट में कांग्रेस पार्टी के लोगों ने इतने सारे लोगों के मध्य में जहां विभिन्न देशों से प्रतिनिधि मंडल आए हुए थे उनके सामने जहां महिला प्रतिनिधि एवं अन्य महिलाएं भी उपस्थित थीं उनके समक्ष अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। यह वास्तव में देश को अपमानित करने वाला और देश की परंपरा देश की संस्कृति को बदनाम चाहिए। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रीति धीर, पूर्व जिला महामंत्री स्वाति शर्मा, पिंकी चतुर्वेदी, जिला उपाध्यक्ष रजनी रावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष गीता भारद्वाज, पूर्व महिला मोर्चा मंडल महामंत्री अर्चना राय, साधना सहित भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। हल्द्वानी- बुद्ध पार्क में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला पर ठेस पहुंचाने वाले कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने कहा कि देश के सम्मान और स्वाभिमान के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता और जो भी शक्तियां राष्ट्र की छवि को धूमिल करने का प्रयास करेंगी उन्हें जनता माफ नहीं करेगी। वक्ताओं ने में जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा कंचन उप्रेती, दर्जा राज्य मंत्री रेनू अधिकारी, कुमाऊँ सह-संयोजक अल्का जीना, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा प्रसाद, राशी जैन, आभा गोस्वामी, मुन्नी बिष्ट, मंडल अध्यक्ष बसंती मेहरा, मंडल अध्यक्ष गंगा साह, रेनू टंडन और दीपा सनवाल सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

# स्मार्ट मीटर को लेकर हंगामा, अधिकारियों से हुई तीखी बहस

रुद्रपुर। काशीपुर रोड स्थित फ्रेंड्स सर्किल कॉलोनी में उस समय हलचल मच गई जब ऊर्जा निगम की टीम स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची। कॉलोनीवासियों ने टीम का विरोध करते हुए आशंका जताई कि स्मार्ट मीटर लगने से बिजली के बिल में बढ़ोतरी हो सकती है।स्थानीय लोगों का कहना था कि पहले से लगे पुराने मीटर सही तरीके से काम कर रहे हैं, ऐसे में नए मीटर लगाने की जल्दबाजी समझ से परे है। विरोध की सूचना मिलने पर ऊर्जा निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे और कॉलोनी समिति व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के



साथ बैठक की।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि स्मार्ट मीटर केवल उपभोक्ताओं की बिजली खपत का डिजिटल रिकॉर्ड रखता है और इससे बिलिंग प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बिल की राशि पर इसका कोई अतिरिक्त प्रभाव नहीं पड़ेगा।बैठक के बाद यह सहमति बनी कि फिलहाल पुराने मीटर भी चालू रहेंगे। आगामी दिनों में दोनों मीटरों की रीडिंग का मिलान किया जाएगा। यदि किसी प्रकार का अंतर सामने नहीं आता है तो स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।कॉलोनी के लगभग 90 घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने प्रस्तावित हैं। वार्ता के दौरान बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी मौजूद रहे।

# त्रिशूल चौक की स्थापना पर भाजपा नेताओं ने महापौर को किया सम्मानित

रुद्रपुर। शहर के मुख्य प्रवेश द्वार पर भव्य 'त्रिशूल चौक' की स्थापना कर रुद्रपुर को एक विशिष्ट और आध्यात्मिक पहचान दिलाने के लिए भाजपा नेताओं ने महापौर विकास शर्मा का भव्य स्वागत किया। नगर निगम कार्यालय पहुँचकर नेताओं ने महापौर को अंगवस्त्र भेंट किए और प्रतीक चिह्न देकर उनके विजन की सराहना की। इस दौरान पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि महापौर विकास शर्मा के नेतृत्व में नगर निगम ने न केवल बुनियादी ढांचा सुधारा है, बल्कि शहर की आत्मा को भी निखारा है। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर का नाम भगवान रुद्र (शिव) के नाम पर है, लेकिन वर्षों से यहाँ आने वाले आगंतुकों को इस ऐतिहासिक और आध्यात्मिक तथ्य का बोध नहीं होता था। त्रिशूल चौक की स्थापना महज एक निर्माण कार्य नहीं है, बल्कि यह हमारी जनभावनाओं और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। अब अन्य राज्यों और जनपदों से आने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों को शहर में प्रवेश करते ही यह साक्षात् अनुभव होगा कि वे भगवान रुद्र की पावन नगरी में कदम रख रहे हैं। महापौर विकास शर्मा ने इस उपलब्धि का श्रेय मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और जनता के विश्वास को दिया। उन्होंने अपने वक्तव्य को विस्तार देते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य रुद्रपुर को केवल कंक्रीट का जंगल बनाना नहीं, बल्कि इसे एक श्स्मार्ट सिटीश के साथ-साथ श्संस्कार सिटीश के रूप में विकसित करना है। बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क, बिजली और पानी के साथ-साथ अपनी संस्कृति का संरक्षण करना भी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी जी का हमें निरंतर सहयोग मिल रहा है। उनके कुशल नेतृत्व में शहर के विकास की गति को थमने नहीं दिया जाएगा। आने वाले समय में रुद्रपुर में कई और सौंदर्यीकरण परियोजनाएं धरातल पर उतरेंगी, जो शहर को आधुनिकता और परंपरा का अनूठा संगम बनाएंगी। उन्होंने कहा कि त्रिशूल के बाद अब जल्द ही डमरू स्थापित होगा इसकी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों पर भी चर्चा की और महापौर की कार्यशैली की प्रशंसा की। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना , पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा अनिल चौहान,जिला मंत्री प्रमोद मित्तल, प्रदेश आईटी संयोजक ओबीसी मोर्चा योगेश वर्मा, जिला मीडिया संयोजक विजय पाल सिंह तोमर, सुनील सिंह, अभिषेक तिवारी आदि मौजूद थे।




# थाना दिवस में मौके पर हुआ शिकायतों का समाधान

रूद्रपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति के कड़े निर्देशों के अनुपालन में बुधवार को जनपद के समस्त थानों और कोतवालियों में श्थाना दिवसश का गरिमामय आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच की दूरी को कम करना तथा आमजन की शिकायतों का निस्तारण उनके घर के समीप ही सुनिश्चित करना रहा। जिले के सभी थाना प्रभारियों ने स्वयं मौजूद रहकर फरियादियों की पीड़ा सुनी और अधिकांश प्रकरणों का मौके पर ही दूध का दूध और पानी का पानी करते हुए त्वरित न्याय प्रदान किया। एसएसपी अजय गणपति ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से थानों के चक्कर न लगाने पड़ें और हर शिकायत पर पूरी संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता के साथ काम किया जाए। आंकड़ों पर नजर डालें तो जनपद भर में खटीमा कोतवाली सबसे सक्रिय रही, जहां सर्वाधिक 19 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 18 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया, जबकि एक गंभीर प्रकृति के मामले में एसएसपी के निर्देशों पर तत्काल एफआईआर दर्ज की गई। वहीं किच्छा में 12 शिकायतों में से 7, काशीपुर में 8 में से 7 और जसपुर में 7 में से 3 शिकायतों का प्रभावी समाधान निकाला गया। जिले के कई थानों में शत-प्रतिशत निस्तारण का रिकॉर्ड रहा, जिसमें कोतवाली रूद्रपुर (06/06), पंतनगर (05/05), बाजपुर (04/04), दिनेशपुर (03/03), पुलभट्टा (04/04), झनकईया (03/03), कुंडा (02/02), केलाखेड़ा (02/02) और नानकमत्ता (02/02) शामिल रहे। इसके अतिरिक्त गदरपुर, ट्रांजिट कैंप, आईटीआई और सितारगंज में भी पुलिस टीमों ने प्राप्त शिकायतों पर गंभीर रुख अपनाते हुए कार्यवाही की। एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को भविष्य के लिए भी निर्देशित किया है कि श्थाना दिवसश के माध्यम से पुलिस-जन संवाद को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। पुलिस की इस पहल से आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत हुआ है और त्वरित न्याय की दिशा में यह एक बड़ा कदम साबित हो रहा है।







## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# एसआईआर की आपत्तियां

लोकतंत्र में चुनाव की शुचिता का मूल आधार पारदर्शिता और निष्पक्षता पर टिका होता है। पात्र मतदाता ही चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा बनें, यह सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूची में समय-समय पर संशोधन जरूरी होता है।इसी उद्देश्य से निर्वाचन आयोग ने देश के विभिन्न राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की है, मगर इसमें कई तरह की आशंकाएं और चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। खासकर पश्चिम बंगाल में पुनरीक्षण को लेकर कई मौकों पर निर्वाचन आयोग और राज्य सरकार को आमने-सामने देखा गया है। सवाल और आरोप यही हैं कि राज्य में इस प्रक्रिया का राजनीतिकरण किया जा रहा है।पहले नागरिकता प्रमाण पत्रों को लेकर विवाद उठा, फिर बूथ स्तरीय अधिकारियों पर काम के बोझ का मुद्दा सुर्खियों में आया और अब तार्किक विसंगतियों से संबंधित दावों और आपत्तियों के पारदर्शी तरीके से समय पर निपटारे का मसला सामने आया है।सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह इस कार्य में सहायता के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का निर्देश दिया था और अब राज्य के दीवानी न्यायाधीशों की तैनाती तथा पड़ोसी राज्यों झारखंड और ओड़ीशा से न्यायिक अधिकारियों को बुलाने की अनुमति भी दे दी है।गौरतलब है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत बिहार से हुई थी और तब से लेकर यह प्रक्रिया विवादों में है। शुरू में चुनाव आयोग की ओर से आधार कार्ड को पहचान पत्र के दस्तावेज में शामिल नहीं करने का मुद्दा प्रमुखता से उठा था, मगर बाद में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर इसे पहचान के दस्तावेज में शामिल कर लिया गया।मगर पश्चिम बंगाल में आधार कार्ड को लेकर चुनाव आयोग की आशंकाएं अभी भी बरकरार हैं। शीर्ष अदालत में मंगलवार को आयोग की तरफ से दलील दी गई कि देश भर में फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर हो रहा है और बंगाल में ऐसे मामलों की संख्या सर्वाधिक है। इस पर अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में गहन जांच की आवश्यकता हो सकती है, लेकिन यह समय इसके लिए उपयुक्त नहीं है। साथ ही कहा कि चूंकि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम में संशोधन से आधार को पहचान प्रमाण के रूप में शामिल किया गया था, इसलिए इसे स्वीकार करना होगा। दरअसल, पश्चिम बंगाल सरकार का दावा था कि पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत राज्य में तार्किक विसंगतियों को लेकर बड़ी संख्या में लोगों को नोटिस भेजे गए हैं और अब करीब अस्सी लाख दावों और आपत्तियों का निपटारा किया जाना है, जिसमें निष्पक्षता बेहद जरूरी है।

# ऊधम सिंह नगर में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की नई टीम पर उठे सवाल

रुद्रपुर। भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा, जिला ऊधम सिंह नगर की नई जिला कार्यकारिणी और कार्यसमिति की घोषणा के बाद संगठन के भीतर ही असंतोष की लहर दिखाई देने लगी है। जिला अध्यक्ष राजेश कोली द्वारा घोषित नई टीम को जहां संगठन की मजबूती की दिशा में कदम बताया जा रहा है, वहीं मोर्चा से जुड़े कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता चयन प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं। जिले में रुद्रपुर, किच्छा, खटीमा, नानकमत्ता और सितारगंज विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार घोषित सूची में संतुलित भौगोलिक प्रतिनिधित्व नजर नहीं आ रहा। आरोप है कि करीब 11 पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य केवल रुद्रपुर के एक ही क्षेत्र से लिए गए हैं, जिससे अन्य विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं में नाराजगी बढ़ गई है। मोर्चा के कुछ वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि सभी क्षेत्रों को प्रतिनिधित्व नहीं मिलेगा तो संगठनात्मक समन्वय प्रभावित हो सकता है। नई टीम के गठन के बाद संगठन के अंदर "घर-परिवार आधारित समीकरण" साधने की चर्चाएँ भी तेज हैं। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि लंबे समय से जमीनी स्तर पर सक्रिय और संघर्ष करने वाले कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर कुछ ऐसे नामों को प्रमुख जिम्मेदारी दी गई है जिनका संगठनात्मक अनुभव सीमित रहा है। असंतोष का एक बड़ा कारण यह भी बताया जा रहा है कि पिछले वर्ष निकाय चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले कुछ व्यक्तियों को भी कार्यकारिणी या कार्यसमिति में शामिल किया गया है। इससे पार्टी के निष्ठावान और अनुशासित कार्यकर्ताओं में असंतोष और हताशा का माहौल बनने की बात सामने आ रही है। हालांकि जिला नेतृत्व का कहना है कि सभी नियुक्तियाँ संगठनात्मक मजबूती और सामाजिक संतुलन को ध्यान में रखकर की गई हैं। जिला अध्यक्ष ने विश्वास जताया है कि नई टीम पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और अनुसूचित जाति समाज के हितों के लिए प्रभावी भूमिका निभाएगी। फिलहाल संगठन के भीतर उठ रही ये आवाजें आने वाले समय में क्या रूप लेंगी, यह देखने वाली बात होगी।

## डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

काशीपुर। सड़क किनारे ठेले पर परिचित से बात कर रहे एक व्यक्ति को डंपर चालक द्वारा टक्कर मारकर उसे मृत्युकारित करने पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। हेमपुर इस्नाईल निवासी संगीता ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 08 फरवरी को उसका पति कृष्णकान्त कपिल उसके भाई राजकुमार पुत्र महेन्द्र कुमार सक्सेना के साथ रात्रि लगभग 9 बजे गलवलिया फैक्ट्री के सामने थे कि तभी कुण्डेश्वरी की ओर से आ रहे डम्पर संख्या यूपी22एटी-3435 के ने डम्पर को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए सड़क किनारे खडे उसके पति कृष्णकान्त कपिल को जोरदार टक्कर मार दी तथा डंपर लेकर फरार हो गया। घटना में कृष्णकान्त कपिल की मौके पर ही मौत हो गई।

# अवैध खनन पर पुलिस का छापा, चार डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

रामनगर (उद संवाददाता)। कठियापुल खनन गेट क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार डंपर और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लिया है। सुबह-सुबह हुई इस अचानक कार्रवाई से अवैध खनन में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया। सीओ रामनगर सुमित पांडे ने बताया कि एसएचओ रामनगर सुशील कुमार के नेतृत्व में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया था, जिसके तहत पुलिस टीम ने नदी क्षेत्र में अवैध रूप से हो रहे खनन पर छापेमारी की। पुलिस को देखते ही मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कार्रवाई के दौरान पकड़े गए सभी वाहनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के



तहत चालानी कार्यवाही की गई है। साथ ही अवैध खनन से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट खनन विभाग को प्रेषित की जा रही है ताकि विभागीय स्तर पर भी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। पुलिस ने मौके से दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, हालांकि प्रारंभिक पूछताछ के बाद दोनों को छोड़ दिया गया। गौरतलब है कि कठियापुल खनन गेट से पिछले पांच दिनों से निकासी बंद थी। खनन विभाग के अनुसार यह बंदी डीएफओ प्रकाश आर्या के आदेश के बाद लागू की गई थी। खनन डीएलएम ललित आर्या ने बताया कि आधिकारिक रूप से क्षेत्र में खनन कार्य बंद था, इसके बावजूद अवैध रूप से गतिविधियां जारी थीं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आगे भी यह अभियान सख्ती से जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# हेलो पुलिस हम बहनों को बचाओ छेड़खानी कर रहा लड़का

## दो बहनें पहुंची कोतवाली, पुलिस ने तुरंत आरोपी को दबोचा

सितारगंज। खरीदारी करने के लिए बाजार गई दो बहनों के साथ एक युवक ने सरेराह छेड़खानी शुरू कर दी। आरोपी ने दोनों बहनें को चाकू से धमकाया। सहमी हुई एक युवती ने पुलिस को फोन लगा दिया और कहा कि एक लड़का उनसे छेड़खानी कर रहा हैं। वे दोनों कोतवाली की तरफ आ रही हैं। सूचना पर तुरंत सिपाही तरुण चौधरी, कपिल कुमार ने आरोपी को दबोच लिया। इसके बाद दोनों युवतियों ने राहत की सांस ली। कोतवाली में दर्ज रिपोर्ट में महिला उप निरीक्षक बबीता टमटा ने बताया कि 25 फरवरी को पुलिस के डायल 112 में युवती की कॉल आई। जिसमें युवती ने बताया कि एक लड़का उसका और उसकी बहन का पीछा कर रहा है आरोपी उन दोनों बहनों को बहुत परेशान कर रहा है, घबराकर दोनों युवतियां कोतवाली की तरफ आने लगी, आरोपी भी उनका पीछा करता रहा। इसके बाद सिपाही तरुण चौधरी सिपाही, सिपाही कपिल कुमार को मामले की सूचना से अवगत कराया। दोनों सिपाहियों ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर आरोपी युवक के कब्जे से चाकू बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी सैफी पुत्र इरशाद निवासी कुहाड़ा पीर थाना प्रेमनगर जिला बरेली को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि पूर्व में उसका रिश्ता तय हुआ था। लेकिन युवती के परिजनों ने मना कर दिया। युवती को डराने के लिए उसने चाकू रखा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। बरेली निवासी युवक के साथ शहर के एक वार्ड निवासी युवती का रिश्ता हुआ था। आरोपी ने झूठ बोलकर रिश्ता किया था। जिसके बाद युवती के परिजनों ने रिश्ता खत्म कर दिया। इससे झल्लाया आरोपी युवती को ब्लैकमेल और जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस ने युवती की तहरीर पर आरोपी सैफी के खिलाफ केस दर्ज किया हैं।

# श्रद्धालुओं ने धूमधाम से निकाली भव्य निशान यात्रा

रूद्रपुर। श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के उपलक्ष्य में बुधवार शाम को लोक विहार स्थित शिव मंदिर से गल्ला मण्डी स्थित श्री श्याम मंदिर तक एक भव्य एवं विशाल निशान यात्रा निकाली गयी। श्याम बाबा के जयकारों के बीच निकली इस यात्रा में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। पूरा क्षेत्र हारे का सहारा-बाबा श्याम हमारा के जयघोष से भक्तिमय हो गया। निशान यात्रा में विशेष रूप से पहुंचे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी अपने हाथों में निशान लेकर पदयात्रा की और बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाई। इस अवसर पर ठुकराल ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के अवतार बाबा खाटू श्याम की महिमा अपरंपार है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में सनातन धर्म और धार्मिक उत्सव समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे का संचार करते हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं के सुख-समृद्धि की कामना करते हुए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की।



यात्रा के दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। निशान यात्रा में मुख्य रूप से अनुराग शर्मा, यश पाठक, वैभव शर्मा, अरूण गुप्ता, पंकज गुप्ता, अध्यांश गौड़, चिराग, नैतिक, अनिल गुप्ता, रमेश जायसवाल, सागर, विनोद भाटिया, भरत, सुरभि, सलोनी, पूनम, राधिका, सरिता, सुमन, मीना, नेहा, प्रीति, ऋचा, राधिका, विनीता, काजल आहूजा, रूचि, अमन, साहिल, सन्नी, अजय, संदीप, भावना, बबीता, सृष्टि समेत सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।

# भारत की पहली डिजिटल जनगणना के लिए मास्टर ट्रेनरों ने दिया प्रशिक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत की जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को सर्किट हाउस काठगोदाम में संपन्न हुआ। जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनगणना कार्य को सटीक, समयबद्ध और व्यवस्थित तरीके से पूरा करना है। एडीएम ने बताया कि यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें डेटा मोबाइल ऐप्स के माध्यम से एकत्र किया जाएगा। इसके लिए प्रगणक और पर्यवेक्षक स्वयं के मोबाइल का उपयोग करेंगे, जबकि पूरी निगरानी सी.एम.एम.एस. पोर्टल के माध्यम से की जाएगी।जनगणना के चरणों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि प्रथम चरण (मकान सूचीकरण और आवास गणना) 25 अप्रैल से 24 मई 2026 के बीच आयोजित होगा। द्वितीय चरण में वास्तविक जनसंख्या की गणना 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक की जाएगी। उत्तराखंड के हिम आच्छादित क्षेत्रों के लिए 11 सितंबर से 30 सितंबर का समय निर्धारित किया गया है। खास



बात यह है कि आम जनता 10 अप्रैल से 24 अप्रैल 2026 के बीच पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं भी अपलोड कर सकती है।अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस राष्ट्रीय दायित्व में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यों को पारदर्शी और भेदभाव रहित ढंग से संपादित करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर एवं उपनिदेशक जनगणना प्रवीन कुमार ने राष्ट्रीय नीति निर्माण में जनगणना के महत्व और विभिन्न पदाधिकारियों के दायित्वों पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नगर आयुक्त परितोष वर्मा, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी, मास्टर ट्रेनर शिवानी जेटली, नितीश रावत सहित जनपद के समस्त तहसीलदार और नगर निकायों के अधिकारी उपस्थित रहे।


## कार्यालय जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर।

पत्रांक : 3520/निर्माण-जि.पं.ऊ.सिं.न./2025-26 | दिनांक : 25.02.2026

### ई-निविदा तिथि विस्तारित सूचना

जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर में निर्माण कार्यो के लिए इस कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों से शासन से प्राप्त अनुदान राज्य वित्त आयोग एवं 15वाँ वित्त आयोग, जिलाधिकारी कार्यालय, से प्राप्त जिला खनिज न्यास निधि मद के अन्तर्गत एवं अनुरक्षण मद के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यो की उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली-2017 के प्राविधानों के अन्तर्गत द्वि-बिड प्रणाली के द्वारा ई-निविदा कार्यालय पत्र संख्या 3406 दिनाँक 10.02.2026 के द्वारा दिनाँक 27.02.2026 तक आमन्त्रित की गयी थी। जिसकी विज्ञप्ति दैनिक समाचार पत्र दैनिक हॉक एवं प्रधान पोस्ट के दिनाँक 11.02.2026 के संस्करण में प्रकाशित हुई, जिसे अपरिहार्य कारणों से निविदा आमन्त्रण की तिथि को निम्नानुसार विस्तारित किया जाता है।

1. निविदा भरने की अन्तिम तिथि दिनाँक 16.03.2026 को अपरान्ह 5:00 बजे तक।
6. तकनीकी निविदा खोलने की तिथि:- दिनाँक 17.03.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक।
7. वित्तीय निविदा को खोलने की तिथि : तकनीकी निविदा पूर्ण होने के उपरान्त।
8. निविदा की शर्ते एवं निविदा प्रपत्र वेब साईट https://uktenders.gov.in पर अपलोड किये जाने हेतु दिनांक 28.02.2026 से दिनाँक 16.03.2026 तक सायं 5:00 बजे तक उपलब्ध होगी।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर।

# रूद्रपुर को स्वच्छता के शिखर पर पहुंचाने के लिए कसी कमर

रुद्रपुर।नगर निगम रुद्रपुर ने स्वच्छ सर्वेक्षण की राष्ट्रीय रैंकिंग में लंबी छलांग लगाने के लिए अपने अभियान को विस्तार देना शुरू कर दिया है। पिछले सर्वेक्षणों में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान और राष्ट्रीय स्तर पर 69वीं रैंक हासिल कर अपनी क्षमता सिद्ध कर चुके नगर निगम ने अब देश के टॉप-10 स्वच्छ शहरों की सूची में जगह बनाने का बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी महत्वाकांक्षी संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए नगर निगम सभागार में महापौर की अध्यक्षता में विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों और पार्षदों ने मिलकर स्वच्छता के नए मानकों पर व्यापक मंथन किया। महापौर ने स्पष्ट किया कि यह केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि शहर के सम्मान और स्वास्थ्य से जुड़ा एक जन-आंदोलन है, जिसमें हर नागरिक की सहभागिता अनिवार्य है।उन्होंने सभी पार्षदों और शहरवासियों से इस मिशन में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।बैठक को संबोधित करते हुए महापौर ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी दायित्व नहीं बल्कि एक सामूहिक संस्कार है। उन्होंने पिछली बार मिले चार महत्वपूर्ण पुरस्कारों का उल्लेख करते हुए बताया कि पिछले प्रयासों ने हमें आत्मविश्वास दिया है, लेकिन इस बार का लक्ष्य कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण और बड़ा है। उन्होंने कहा कि वार्डों को पालीथीन मुक्त करने के लिए विशेष रूप से काम करना होगा।महापौर ने पार्षदों से सुझाव मांगते हुए कहा कि वार्डों को पॉलीथिन मुक्त करना और जन-जागरूकता को जमीनी स्तर पर ले जाना ही सफलता की कुंजी होगी। उन्होंने विशेष रूप से स्कूलों और सामाजिक संगठनों को इस अभियान से जोड़ने के निर्देश दिए ताकि शहर का हर वर्ग इस स्वच्छता महायज्ञ में अपना योगदान दे सके। महापौर ने पार्षदों से अपील की कि वे अपने घरों से गीले कचरे से खाद बनाने की शुरुआत कर समाज के सामने एक आदर्श प्रस्तुत करें। जिस पर सभी पार्षदों ने अपनी सहमति जताई। नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे ने स्वच्छता सर्वेक्षण-2026 के लिए निगम द्वारा तैयार किए गए विस्तृत एक्शन प्लान की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि जनसहभागिता को बढ़ावा देने के लिए शहर के विभिन्न वार्डों के बीच स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वार्डों के पार्षदों और सुपरवाइजरों को सम्मानित किया जाएगा। नगर आयुक्त ने बताया कि शहर के सौंदर्यकरण के लिए विशेष रूप से 10 सेल्फी प्वाइंट विकसित किए जा रहे हैं, जो स्वच्छता की थीम पर आधारित होंगे। इसके साथ ही वार्ड 28 और रुद्रा वेंडिंग जोन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में ट्विन बिन (दोहरे डस्टबिन) स्थापित किए जाएंगे, ताकि कचरे का निस्तारण वैज्ञानिक पद्धति से किया जा सके। जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक, क्विज प्रतियोगिता और पेंटिंग प्रतियोगिताओं का सहारा लिया जा रहा है।कचरा प्रबंधन की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए नगर निगम के मयंक कुमार ने बैठक में उपस्थित लोगों को कचरा पृथक्करण और घर पर खाद बनाने की विधि समझायी। उन्होंने बताया कि कचरे को चार श्रेणियों में बांटना अत्यंत आवश्यक है। इसमें गीले कचरे के लिए हरे डिब्बे, सूखे कचरे के लिए नीले डिब्बे, सैनिटरी अपशिष्ट के लिए लाल डिब्बे और घरेलू हानिकारक कचरे जैसे पुरानी बैटरी या पेंट की बोतलों के लिए काले डिब्बे का प्रयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने जानकारी दी कि गीले कचरे से मात्र 45 से 60 दिनों में उच्च गुणवत्ता वाली खाद तैयार की जा सकती है। साथ ही उन्होंने प्लास्टिक वेस्ट को बेहतर उपयोग में लाने के तरीके भी बताये।इस अवसर पर एसएनए राजू नवियाल, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पियूष रंजन, पार्षद प्रमोद शर्मा, राजेश जग्गा, सुशील चौहान, इन्द्रजीत सिंह, सौरभ बेहड़, राधेश शर्मा, निमित शर्मा, गौरव खुराना, पवन राणा, सचिन मुंजाल, विष्णु, सौरभ शर्मा, उमेद अधिकारी और कुलदीप सहित नगर निगम के तमाम अधिकारी, कर्मचारी और पार्षद उपस्थित रहे।





# हीरा नगर में प्रेस क्लब ने फूलों की होली के साथ बिखेरे भाईचारे के रंग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रेस क्लब फॉर पब्लिक वेल्फेयर सोसायटी के बैनर तले हीरा नगर स्थित पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच के प्रांगण में 'फूलों की होली' का भव्य आयोजन किया गया। इस उत्सव में जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ पत्रकारों और स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। फूलों की वर्षा और पारंपरिक होली गीतों की मधुर धुनों के बीच समूचा माहौल उत्सवी और भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे दर्जा राज्य मंत्री शंकर कोरंगा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि होली का त्यौहार आपसी भेदभाव मिटाकर प्रेम और सौहार्द का संदेश देता है। उन्होंने धामी सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार में आमजन को उनके अधिकार मिल रहे हैं और मीडिया भी अपनी जिम्मेदारी निष्पक्षता के साथ निभा रही है। विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री दिनेश आर्य ने कहा कि होली सामाजिक समरसता को सशक्त करने का एक सशक्त माध्यम है। जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल ने कार्यक्रम में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक सकारात्मक संकेत बताया।मंच के संस्थापक सदस्य हुकुम सिंह कुवर ने भी सामाजिक एकता के लिए ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों को अनिवार्य बताया। इस दौरान प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजय रावत, संरक्षक भुवन जोशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरमीत सिंह, गणेश पाठक, राजेश सरकार, कमल राजपाल, सलीम खान, भगवान सिंह गंगौला, दया जोशी, महेंद्र सिंह नेगी और विपिन चंद्रा सहित अनेक पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन फूलों की होली और एक-दूसरे को दी गई शुभकामनाओं के साथ हुआ, जिसने पूरे क्षेत्र में एकता और उल्लास का वातावरण बना दिया।



# शिक्षा नीति के नियमों में सुधार की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को आ रही समस्याओं के समाधान हेतु शिवनगर निवासी प्रेम विश्वास ने जिलाधिकारी के माध्यम से उच्च शिक्षा मंत्री को एक मांग पत्र भेजा है। पत्र में शिक्षा नीति के उस नियम पर आपत्ति जताई गई है, जिसके कारण छात्रों का बहुमूल्य समय बर्बाद हो रहा है। शिकायतकर्ता प्रेम विश्वास ने बताया कि वर्तमान में कुमाऊं विश्वविद्यालय के अंतर्गत स्नातक एवं स्नातकोत्तर के अंतिम वर्ष में यदि कोई विद्यार्थी किसी एक विषय में अनुत्तीर्ण हो जाता है, तो उसे एक साल का गैप दिया जा रहा है। उसकी बैक परीक्षा एक साल बाद आयोजित की जा रही है, जिससे छात्रों का पूरा एक शैक्षणिक वर्ष खराब हो रहा है। पत्र में मांग की गई है कि विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए इस समस्या का गंभीरता से निराकरण किया जाए। इस पत्र की प्रतिलिपि भारत सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री और प्रधानमंत्री कार्यालय को भी प्रेषित की गई है।



## पेज एक का शेष...

**सामुहिक दुष्कर्म मामले में...**विशाल मौके पर मौजूद थे, लेकिन उन्होंने इस हैवानियत को रोकने के बजाय आरोपियों का साथ दिया। आरोप है कि इस घिनौनी करतूत का वीडियो भी बनाया गया। घटना के बाद पीड़िता ने 24 फरवरी को कोतवाली रुद्रपुर में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने तत्काल धारा 351(3), 70(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया। महिला संबंधी इस जघन्य अपराध को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी अजय गणपति ने एसपी सिटी, एसपी अपराध और सीओ रुद्रपुर के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया। पुलिस टीमों ने पूरी रात संभावित ठिकानों पर दबिश दी और वैज्ञानिक साक्ष्यों व सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने जिला अस्पताल के पास से तीन आरोपियों को स्प्लेंडर मोटरसाइकिल यूके 06बी0587 सहित दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपिया में पीड़िता का देवर करन सिंह उम्र 19 वर्ष, निवासी भदईपुरा, राजा रस्तोगी उम्र 28 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 18, रुद्रपुर, विशाल गुप्ता उर्फ बिट्टू उम्र 25 वर्ष, निवासी भदईपुरा शामिल हैं। प्रकरण का मुख्य आरोपी अभय सक्सेना उर्फ चाईना गिरफ्तारी के डर से 24 फरवरी को ही कोई विषाक्त पदार्थ (जहर) गटक गया। वर्तमान में उसका उपचार पुलिस निगरानी में जिला अस्पताल रुद्रपुर में चल रहा है। एसएसपी ने बताया कि डॉक्टर से अनुमति मिलते ही उसे भी विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। पुलिस ने विवेचना के दौरान मामले में धारा 3(5) और 115(2) ठछै की वृद्धि भी की है। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि महिला सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों को कठोरतम सजा दिलाने के लिए न्यायालय में सशक्त पैरवी की जाएगी।

**एडवेंचर टूरिज्म बनेगा...**घाटी को ऋषिकेश की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा नयार नदी का शांत और साफ जल कयाकिंग के लिए विश्व स्तर का है। हम यहां केवल खेल ही नहीं, बल्कि एक पूरा इको-सिस्टम तैयार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय उत्सव में पैराग्लाइडिंग, माउंटेन बाइकिंग, कयाकिंग, कयाक-स्लालोम, और ट्रेल रनिंग जैसी विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसके साथ ही पर्यटकों के आकर्षण के लिए हॉट एयर बैलून राइड्स भी उपलब्ध कराई गई हैं। उत्सव के पहले दिन साहसिक खेलों के साथ-साथ उत्तराखंड की लोक संस्कृति की भी धूम रही। छोलिया नर्तकों के दल ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन पर समां बांध दिया, जिसे देख मुख्यमंत्री और अन्य अतिथि भाव-विभोर हो गए। फेस्टिवल ग्राउंड में विभिन्न विभागों द्वारा विकास प्रदर्शनी और स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्थानीय हस्तशिल्प व पहाड़ी व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए, जहां बड़ी संख्या में पर्यटकों ने पहाड़ी जायके का लुत्फ उठाया। इस अवसर पर विधायक राजकुमार पोरी, विधायक रेनू बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, पूर्व विधायक संपत सिंह रावत, ब्लाक प्रमुख महिपाल सिंह, जिला पंचायत सदस्य आशुतोष गौड़, जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान, एसएसपी लोकेश्वर सिंह के अलावा कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, साहसिक खेलों के विशेषज्ञ और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्राम प्रधान व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

33,251 **बेटियों के खाते ...**है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बेटियों का सम्मान ही राज्य की असली प्रगति है और राज्य सरकार का उद्देश्य बेटी के जन्म से लेकर उसकी उच्च शिक्षा तक हर चरण में उसके साथ खड़ा होना है। पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए ही धनराशि सीधे खातों में भेजी जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि यह योजना बेटियों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर रही है, जो समाज में लैंगिक असमानता को दूर करने और कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का परिणाम है। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने योजना की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि वर्ष 2017 से संचालित यह योजना बालिका जन्म को प्रोत्साहित करने, संस्थागत प्रसव बढ़ाने और बाल विवाह जैसी कुरीतियों पर रोक लगाने में अत्यधिक प्रभावी साबित हुई है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत बालिका के जन्म पर 11,000 रुपये तथा 12वीं उत्तीर्ण कर उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने पर 51,000 रुपये की सहायता दी जाती है, जिससे बेटियां आत्मनिर्भर बन सकें और अपने सपनों को साकार कर सकें। रेखा आर्या ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार बेटियों के हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष जन्म पर 5,913 और 12वीं उत्तीर्ण करने पर 27,338 बालिकाओं को लाभ मिला है। प्रदेश भर में ऊधमसिंहनगर जिला सबसे आगे रहा, जहाँ 1,372 जन्म लाभार्थी और 4,772 इंटर पास लाभार्थी दर्ज किए गए। इसके अलावा नैनीताल में 1,012 जन्म व 3,196 इंटर पास, अल्मोड़ा में 643 जन्म व 2,963 इंटर पास, देहरादून में 678 जन्म व 2,637 इंटर पास, तथा टिहरी में 485 जन्म व 2,775 इंटर पास बेटियों को योजना का लाभ मिला है। बागेश्वर, चमोली, चम्पावत, पौड़ी, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी जिलों में भी सैकड़ों बेटियों के खातों में सहायता राशि भेजी गई है। इस अवसर पर विभागीय निदेशक बंसीलाल राणा, उपनिदेशक मोहित चौधरी, नोडल अधिकारी उदय प्रताप सिंह सहित जितेंद्र कुमार, नीतू फुलेरा, शिखा कंडवाल, शिवप्रसाद भट्ट और सुरेंद्र सिंह चौहान आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

**राजस्व गांव के लिए..**पर जनता को गुमराह करने का गंभीर आरोप लगाया। वक्ताओं ने कहा कि विधायक डॉ. मोहन बिष्ट ने बकायदा वीडियो बयान जारी कर दावा किया था कि 25 फरवरी की कैबिनेट बैठक में बिन्दुखत्ता को राजस्व गांव बनाने का प्रस्ताव पारित हो जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक ने 18 फरवरी की संघर्ष समिति की रैली को फ्लॉप करने के इरादे से जनता से झूठ बोला। कैबिनेट बैठक में इस मुद्दे का जिक्र तक न होना क्षेत्र की जनता के साथ विश्वासघात है। अब विधायक द्वारा कागजों की कमी का बहाना बनाना उनकी नाकामियों को दर्शाता है। इस दौरान सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित कर मांग की गई कि 9 मार्च से गैरसैंण में शुरू होने वाले आगामी विधानसभा सत्र में बिन्दुखत्ता समेत अन्य वन भूमि बस्तियों को राजस्व गांव का दर्जा देने का प्रस्ताव विधिवत पारित किया जाए। गठबंधन ने दोटूक चेतावनी दी कि यदि सत्र में प्रस्ताव पारित कर केंद्र को नहीं भेजा गया, तो उग्र जनान्दोलन छेड़ा जाएगा। कार्यकर्ताओं ने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि 30 अप्रैल 2026 तक राजस्व गांव की अधिसूचना जारी नहीं हुई, तो 1 मई से एक नए निर्णायक जनआंदोलन का आगाज किया जाएगा। प्रदर्शन और पुतला दहन में भाकपा माले जिला सचिव डॉ. कैलाश पाण्डेय, ब्लॉक काँग्रेस अध्यक्ष पुष्कर दानू, मीना कपिल, कुन्दन मेहता, पुष्कर दुबड़िया, गिरधर बम, राजेन्द्र खनवाल, हरीश बिसोती, प्रमोद कलोनी, किशन बघरी, गुरदयाल मेहरा, प्रदीप बथीयाल, रमेश कुमार, धीरज कुमार, गोविंद जीना, भगवान धामी, चंदन राम और निर्मला शाही सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**नकाबपोश चोरों ने ...**जरूरी साक्ष्य एकत्रित किये। मंदिर कमेटी के सचिव अरविन्द शर्मा ने बताया कि मंदिर में रखे पांच दानपात्रों में लगभग 80 से 90 हजार रूपये होगें। मामले की जानकारी मिलने पर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई वहीं कई जनप्रतिनिधि भी वहां पर आ पहुंचे। एसपी सिटी ने बताया कि मामले में तेजी से छानबीन की जा रही है पुलिस जल्द ही चोरों तक पहुंच जायेगी।

**पंतनगर सिडकुल स्थित...**फैक्ट्री के लेखा-जोखा, स्टॉक रजिस्टर और कंप्यूटर हार्ड डिस्क की गहनता से जांच कर रहे हैं। गौरतलब है कि ग्रीन पैनल देश की बड़ी एमडीएफ और प्लाईवुड निर्माता कंपनियों में शुमार है। सूत्रों का कहना है कि यह छापेमारी लंबी चल सकती है। वर्तमान में फैक्ट्री के भीतर किसी को भी आने-जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। विभाग द्वारा अभी तक इस कार्रवाई को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि दिल्ली और बरेली से आई टीमों के नेतृत्व में यह बड़ी सर्चिंग की जा रही है। इस छापेमारी से सिडकुल की अन्य बड़ी कंपनियों में भी हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

# युवा कांग्रेस ने फूंका केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस का पुतला

रामनगर (उद संवाददाता)। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में गुरुवार को रामनगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा सातवें आसमान पर रहा। लखनपुर चुंगी पर एकत्रित दर्जनों युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुतला दहन कर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ऑल समिट के दौरान जायज सवाल पूछने पर दिल्ली पुलिस द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष को गिरफ्तार करना लोकतंत्र की हत्या है। उन्होंने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं के जलते हुए सवालों का जवाब देने से बच रहे हैं। जो भी युवा अपने हक और हकूक के लिए आवाज उठा रहा है, उसे पुलिस के दम पर जेल में डालने की दमनकारी कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान प्रदर्शन करने वालों में युवा कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने एकजुट होकर सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की।



**बेहड़ ने दरउ प्रधान...**दिये गये। उन्होंने बताया कि नाजिया पर शादी से पूर्व कोटद्वार में पहले कई आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। ग्राम प्रधान का चुनाव लड़ते समय इन सबको छिपाया गया। इसके बाद शादी के उपरांत भी नाजिया के खिलाफ कोटद्वार में अनेक आपराधिक मामले दर्ज हुए। जिनमें धोखाधडी, गैंगस्टर, भूमि सम्बंधित आदि मामले शामिल हैं। जिसमें नाजिया कोटद्वार जेल में बंद है। इस दौरान न्यायालय द्वारा उसकी जमातन की अर्जी को भी खारिज कर दिया गया। श्री बेहड़ ने बताया कि जब ग्राम प्रधान जेल में बंद हैं तो ग्राम प्रधान के सरकारी खाते से बिना वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति के धन निकासी नहीं की जा सकती है। बावजूद इसके खाते से 23 दिसम्बर 2025 से 24 फरवरी 2026 तक 16 बार में कुल लगभग 49 हजार रूपयों की निकासी की गई। जो नियमों के विरूद्ध है। इसमें सचिव सहित कई अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है। इसके लिए सम्बंधित अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मामले में संलिप्त अधिकारियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच करवानी चाहिए। यदि तीन दिन में ऐसा नहीं किया गया तो वह डीएम कार्यालय के समक्ष बेमियादी धरना शुरू करने को बाध्य हो जायेंगे। उन्होंने बताया कि वह ग्राम प्रधान नाजिया के अन्य आपराधिक मामलों की जानकारी भी जुटा रहे हैं।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 2027 में नए चेहरे को मिलेगी काशीपुर विधानसभा सीट!

## भाजपा संशय में, नहीं हुआ काम, राम पहली पसंद, अकाली के कोटे से आए थे चीमा, हो गए भाजपाई

-मनोज श्रीवास्तव-

काशीपुर। 2027 के विधानसभा चुनावों में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रादेशिक को-ऑपरेटिव यूनियन (पीसीयू) के चेयरमैन राम मेहरोत्रा क्षेत्रीय जनता की पहली पसंद हो सकते हैं। सियासी दंगल की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण राजनैतिक दलों ने जोड़-तोड़ शुरू कर दी। काशीपुर क्षेत्र की जनता इस बार बदलाव के मूड में है। वह विधानसभा के प्रतिनिधित्व के लिए एक ऐसे चेहरे की तलाश में है जो





वास्तव में क्षेत्र के विकास को गति दे सके। ऐसे में पिछले लगभग 40 वर्षों से संगठन के लिए समर्पित भाव में कार्य कर रहे भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं विस्थापितों को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले राम मेहरोत्रा क्षेत्रीय जनता के दिलो दिमाग पर छा चुके हैं। ज्ञातव्य है कि राज्य गठन के बाद से भाजपा के टिकट पर पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा लगातार 20 वर्षों तक क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते रहे। विकास के मुद्दे पर क्षेत्रीय जनता की प्रतिक्रिया विधायक चीमा को लेकर भले ही संतोषजनक नहीं रही हो लेकिन गुंडई और रंगदारी को खत्म करने में उन्होंने प्रभावी भूमिका निभाई। वह अकाली दल के कोटे से भाजपा में आए और भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़कर भाजपाई हो गए। लगातार 20 वर्ष तक विधायक रहने के बावजूद उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया। काशीपुर को जिला बनाने की मांग लगभग 60 वर्ष से अधिक पुरानी है जिसे पूर्व विधायक चीमा एवं उनके सुपुत्र त्रिलोक सिंह चीमा केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बावजूद पूरी नहीं करा सके। इस तरह के महत्वपूर्ण मुद्दे 2027 के विधानसभा चुनाव में खासा प्रभाव डालेंगे। क्षेत्र में इस बात को लेकर भी सुगबुगाहट पुरजोर है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 2027 के चुनाव में काशीपुर से भाग्य आजमाइश करेंगे। इसके लिए जमीन तैयार की जा रही है। चर्चा यह भी है कि कदाचित ऐसा नहीं हुआ तो महापौर दीपक बाली भी टिकट की दावेदारी पेश कर सकते हैं। लेकिन कुल मिलाकर मौजूदा परिस्थितियां ऐसा संकेत करती है कि चीमा परिवार का राजनैतिक किला 2027 के चुनावों में ध्वस्त होगा।






# मुक्तिधाम मार्ग में अतिक्रमण से वेटिंग में मुर्दे, सिस्टम साइलेंट

## थाना दिवस पर उठाई समस्याएं,सड़कों में बेतरतीब खड़े वाहनों से लग रहा जाम

सितारगंज। कोतवाली में थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कोतवाल सुंदरम शर्मा ने की। इस दौरान कई समस्याएं सामने आई। भाजपा नेता महेश मित्तल, सभासद चंदन श्रीवास्तव ने कहा कि मुक्तिधाम मार्ग में अतिक्रमण, सड़कों में बेतरतीब खड़े वाहनों से जाम के हालात बनते है, जिससे अंतिम संस्कार को ले जाने वाले मुर्दे को भी वेटिंग में रहना पड़ रहा हैं। इससे समय व्यर्थ होने के साथ परेशानी उठानी पड़ती हैं। थाना दिवस में भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट और अन्य मामलों से जुड़ी शिकायतें सामने आई, जिन पर मौके पर ही कई मामलों का निस्तारण किया गया। शेष मामलों में शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी ने भी अपनी बात रखी। उन्होंने शिक्षक कॉलोनी स्थित फोर्थ क्लास की बिल्डिंग में युवाओं द्वारा नशे के इंजेक्शन लगाने पर गंभीर चिंता जताई। बताया कि इस संबंध में कई बार पुलिस को अवगत कराया जा चुका है। लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है। इस मौके पर एसएसआई राजेंद्र मुनियाल, भाजपा नेत्री सुमन राय, अनिरुद्ध राय, सभासद चंदन श्रीवास्तव, दीपक गुप्ता, बीडीसी जाहिद अली, प्रधान अफसर अली, सुरेश जैन, प्रधान फरहान मलिक, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष शाहनवाज हुसैन, शाने आलम, सभासद रेहान अंसारी आदि मौजूद थे। **प्रत्येक हल्के में नशेड़ियों का चिन्हीकरण :** थाना दिवस पर कोतवाल सुंदरम शर्मा ने प्रत्येक हल्के में जनप्रतिनिधियों को नशेड़ियों को चिन्हित कर सूचना देने की अपील की है। मुख्य रूप से स्मैक नशेड़ियों को चिन्हित करने के बाद उनका पूरा रिकॉर्ड रखा जाएगा। इससे क्षेत्र के हल्के में छूट पुट चोरियों का आसानी से पता लग सकेगा। नाबालिक बच्चों के पास बाइक मिलने पर उसे सीज किया जाएगा। स्कूलों में बाइक से जाने वाले विद्यार्थियों की सूचना देने के लिए पुलिस ने स्कूल प्रबंधन को को जागरूक किया है।



**रोमियो स्क्वायड ने १८ चालान किए :** विद्यालयों की छुट्टी के समय रोमियो स्क्वायड की टीम विद्यालयों के आसपास एक्टिव रहती हैं। अभी तक रोमियो स्क्वायड टीम ने 18 चालान किए हैं। शोहदों और मनचलों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीम में लगातार सक्रिय है।

# खटीमा में लोकगीतों पर झूमीं होल्यारें

खटीमा। क्षेत्र में इन दिनों महिलाओं की बैठकी होली की धूम मची हुई है। बुधवार को मयूर विहार, वार्ड नंबर 16 निवासी सुबेदार दीवान सिंह रुमाल एवं गंगा देवी के आवास पर महिलाओं की पारंपरिक बैठकी होली का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें महिला होल्यारों ने लोकगीतों और पारंपरिक धुनों से माहौल को पूरी तरह होलीमय बना दिया।कार्यक्रम के दौरान महिला होल्यारों ने कुमाऊंनी होली गीतों की मधुर प्रस्तुतियां दीं। "भागा रे भागा रे देखो नंदलाला", "गोपाला", "राधा ने पकड़ा रंग डाला" जैसे पारंपरिक गीतों पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। ढोलक और मंजीरे की थाप पर सजे इस आयोजन में उत्साह और उल्लास का रंग साफ झलक रहा था।महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम, सौहार्द व भाईचारे का संदेश दिया। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया।आयोजन में हीरा रावत, सरिता रावत, भारती रावत, यशोदा देवी, दीपा ऐरी, हेमा पांडेय, महेश्वरी देवी, हेमंती देवी, गंगा देवी, लता, लीला, निर्मला सामंत, गीता देवी सहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।बैठकी होली के इस आयोजन ने क्षेत्र में होली पर्व के उत्साह को और भी बढ़ा दिया है। आगामी दिनों में भी विभिन्न मोहल्लों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे खटीमा पूरी तरह रंगोत्सव के उल्लास में सराबोर रहेगा।



# बिना सूचना पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष, आधे घंटे इंतजार के बाद विधायक पहुंचे

## महेंद्र भट्ट और पांडे की मुलाकात ने बढ़ाई सियासी चर्चाएं

गूलरभोज/गदरपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का बुधवार को गूलरभोज स्थित विधायक अरविंद पांडे के आवास पर बिना पूर्व सूचना के पहुंचना और लगभग आधा घंटा प्रतीक्षा करना क्षेत्रीय राजनीति में चर्चा का विषय बना हुआ है। बुधवार को दोपहर प्रदेश अध्यक्ष के पहुंचने पर विधायक आवास पर मौजूद कार्यकर्ताओं और विधायक पुत्र अतुल पांडे ने उनका जोरदार स्वागत किया। उनके आगमन की सूचना मिलते ही आसपास के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और स्वागत का सिलसिला चलता रहा। करीब आधे घंटे बाद विधायक अरविंद पांडे आवास पहुंचे। उनके पहुंचते ही उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत





किया, पुष्पमालाओं से अभिनंदन कर सम्मान व्यक्त किया और दोनों नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल में मुलाकात हुई। प्रदेश अध्यक्ष का यह अप्रत्याशित दौरा और प्रतीक्षा का घटनाक्रम क्षेत्र में विभिन्न राजनीतिक अर्थों में देखा जा रहा है। पिछले कुछ समय से स्थानीय स्तर पर चल रही बयानबाजी और प्रशासनिक मुद्दों को लेकर विधायक के रुख की चर्चा के बीच इस मुलाकात को संगठनात्मक समन्वय की पहल माना जा रहा है। स्थानीय राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह दौरा संगठन में संवाद और एकजुटता का संदेश देने के उद्देश्य से किया गया हो सकता है। वहीं आधे घंटे के इंतजार को लेकर भी चर्चाओं का बाजार गर्म है और इसे बदलते राजनीतिक समीकरणों से जोड़कर देखा जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष के अचानक आगमन से कार्यकर्ताओं में उत्सुकता और उत्साह दोनों देखने को मिला। मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन की सक्रियता और नेतृत्व की पहुंच का संकेत बताया। हालांकि आधिकारिक रूप से इसे शिष्टाचार भेंट और संगठनात्मक संवाद का हिस्सा बताया जा रहा है, लेकिन क्षेत्रीय राजनीति में इस घटनाक्रम को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आने वाले दिनों में यह स्पष्ट होगा कि इस मुलाकात के बाद स्थानीय स्तर पर चल रही बयानबाजी और राजनीतिक खींचतान पर कितना प्रभाव पड़ता है।